आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 231- ● जबलपुर ●बुधवार, 22 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष -2● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## जी एंटरटेनमेंट और सोनी पिक्चर्स के मर्जर का ऐलान

**नई दिल्ली।** आज एंटरटेनमेंट सेक्टर में एक बड़ी मर्जर डील की खबर सामने आई। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ मर्जर की घोषणा की है। यानी अब जी एंटरटेनमेंट का अब सोनी पिक्चर्स में विलय होगा। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी कि सोनी 1.57 अरब डॉलर यानी करीब 11,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। और विलय के बाद इसके पास 52.93 फीसदी की नियंत्रक हिस्सेदारी होगी।

# श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के विशाल खजाने का होगा ऑडिट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम फैसले में कहा है कि केरल के मशहूर पद्मनाभस्वामी मंदिर ट्रस्ट का ऑडिट कराया जाएगा। गौरतलब है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसला बीते हफ्ते सुरक्षित रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने श्रीपद्मनाभ स्वामी मंदिर ट्रस्ट की 25 साल के ऑडिट किए जाने के आदेश से छूट की मांग वाली याचिका खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में ,साफ कहा है कि ट्रस्ट को ऑडिट नहीं कराने संबंधित छूट नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि साल 2020 का आदेश सिर्फ मंदिर ही नहीं, बल्कि ट्रस्ट पर भी लागू है। सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर ट्रस्ट के बीते 25 साल के खातों का ऑडिट तीन महीने में करने का आदेश दिया है। देश के सबसे अधिक संपत्ति वाले श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के पास आखिर कुल कितनी संपत्ति है। इसके ऑडिट कराने के संबंध में दायर याचिका पर बीते शुक्रवार सुनवाई होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के खातों को बीते 25 सालों के रिकॉर्ड का ऑडिट कराने को लेकर सुनवाई लंबे समय से चल रही थी।



न्यायमूर्ति यूयू ललित, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की पीठ ने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी दातार और मंदिर प्रशासन समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बंसल की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। आपको बता दें कि पिछले साल ही सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर के प्रशासन की जिम्मेदार त्रावणकोर शाही परिवार की एक प्रशासनिक समिति को सौंप दिया था। श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर ट्रस्ट भी तत्कालीन त्रावणकोर शाही परिवार के द्वारा बनाया गया था। मंदिर के ऑडिट के लगी एक निजी सीए फर्म ने मंदिर ट्रस्ट से बीते 25 साल का आय व्यय का रिकॉर्ड जमा करने के लिए कहा था। मंदिर ट्रस्ट ने तर्क दिया था कि मंदिर के धार्मिक अनुष्ठानों के संचालन के लिए 1965 में गठित एक स्वतंत्र संस्था है और मंदिर के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन में मंदिर ट्रस्ट की कोई भूमिका नहीं है।

### मंदिर के तहखानों में अभी भी 2 लाख करोड़ की संपत्ति का अनुमान

जून 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने पुरातत्व विभाग तथा अग्निशमन विभाग को निर्देश दिया कि मंदिर के गुप्त तहखाने को खोलें और उसमें रखी वस्तुओं का निरीक्षण करें। ऐसा संभावना जताई जा रही है कि मंदिर के इन तहखानों में करीब 2 लाख करोड़ की संपत्ति हो सकती है। हालांकि अभी भी तहखाने-बी को नहीं खोला गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस तहखाने को खोलने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि ये पूरी संपत्ति मंदिर की है। इस पर किसी अन्य पक्ष का अधिकार नहीं होगा।

## फटाफट खबरें



### सिंधिया के साथ तोमर भी मुरैना पहुंचे

**मुरैना।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार को केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ मुरैना पहुंचे। यहां चंबल राजघाट पुल से स्वागत का जो सिलसिला शुरू हुआ तो वह मुरैना तक जारी रहा। पूरे रास्ते पुष्प वर्षा एवं फूल मालाओं से केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा के दौरान सिंधिया ने कहा कि हम सब मिलकर विकास करेंगे। कांग्रेस का काम है आरोप लगाना, जबकि हमारा काम है जनता के काम करना।

### जॉन अब्राहम ने धक्का देकर फैन को गिराया नीचे, लोग बोले गलत

**मुंबई।** जॉन अब्राहम बॉलीवुड के वो कलाकार हैं जिन्हें फिल्मों में उनके अलग अभिनय के लिए लोग बहुत पसंद करते हैं। कॉमेडी से लेकर देशभक्ति की फिल्मों तक से जॉन ने अपने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हालांकि पिछले कुछ समय से अभिनेता बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके प्रशंसकों के प्यार में उनके लिए कोई कमी नहीं आई है। फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके जॉन को उनकी फिटनेस के लिए भी काफी सरहाना मिलती है। जॉन से जब भी कोई बातचीत करता है तो वो उनके साथ बड़े ही अदब से पेश आते हैं।

### दिल्ली केपिटल और सनराइजर्स के बीच होगी कांटे की टक्कर

**दुबई।** आईपीएल 2021 के 33वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होगा। यह मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दिल्ली की टीम अंक तालिका में चेन्नई सुपरकिंग्स के बाद दूसरे नंबर पर है। डीसी के प्लेऑफ में पहुंचने की पूरी संभावना है। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल का यह सीजन निराशाजनक रहा है। टीम अंक तालिका में सबसे नीचे है। एसआरएच को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बाकी बचे अपने सभी मैच जीतने होंगे।

### आशीर्वाद लेने मंदिर गया दलित बच्चा, परिवार पर लगा 35 हजार रुपये का जुर्माना

**बेंगलूर।** सरकार दलितों की सुरक्षा के लिए भले ही कितने ही कठोर कानून क्यों न बना लें लेकिन इसका असर लोगों पर कम ही दिखाई दे रहा है। ताजा मामला है कर्नाटक का जहां दलित परिवार का एक बच्चा अपने जन्मदिन पर पूजा करने के लिए मंदिर गया था, जिसकी भनक गांव वालों को लग गई। फिर क्या था आस पास के लोगों को दलित बच्चे का इस तरह से मंदिर जाना नागवार गुजरा परिवार पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया।




शुभांक - 4 -5- 7

## अनंत यात्रा पर चले नरेन्द्र गिरि

### प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया कारण: मौत फांसी लगने से

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रमुख महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध मौत की चर्चा पूरे देश में हो रही है। प्रयागराज स्थित आश्रम के बाघम्बरी मठ में उन शव फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें उनका शिष्य आनंद गिरि भी है। आनंद गिरि से कल से पूछताछ हो रही है। इस बीच, बुधवार सुबह नरेन्द्र गिरि का पोस्टमार्टम कर दिया गया। पांच डॉक्टरों के पैनल में पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में यह साफ हुआ है कि मौत फांसी लगने से हुई है। दम घुटने से मौत वारी रिपोर्ट पुलिस और संबंधित अधिकारियों को सौंप दी गई है। विस्तृत रिपोर्ट में एक-दो दिन का वक्त लगेगा। आगे की जांच के लिए विसरा सुरक्षित रखा गया है। वहीं नरेन्द्र गिरि की इच्छा के मुताबिक, आश्रम में ही उन्हें भू-समाधि दी जाएगी। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रयागराज में आज सभी स्कूल-कॉलेज बंद हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और बाघमबारी गद्दी मठ के महंत नरेंद्र गिरि का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद मठ लाया गया है। मठ में कुछ देर संतों और भक्तों के दर्शन के बाद पार्थिव शरीर को सुसज्जित रथ पर रखकर अंतिम यात्रा निकाली गई। महंत की अंतिम यात्रा में संतों और भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है।



# नहीं आएगी कोरोना की तीसरी लहर सर्दी-खांसी की तरह हो जाएगा

### एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बड़ा बयान, सावधानी जरूरी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की दूसरी लहर लगातार कमजोर पड़ रही है। वहीं दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान भी भारत में जारी है। इस बीच, दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बड़ा बयान दिया है। डॉ. गुलेरिया का कहना है कि देश में कोरोना की तीसरी लहर नहीं आएगी। जल्द ही कोरोना संक्रमण सामान्य सर्दी, जुकाम और खांसी की तरह हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉ. गुलेरिया ने कहा है कि कोरोना संक्रमण अब महामारी नहीं रह गया है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि लोग सावधानी बरतना छोड़ दें। जब तक देश के हर नागरिक को वैक्सीन नहीं लग जाती, तब तक सतर्क रहने की जरूरत है। त्योहारों पर भीड़-भाड़ से बचना जरूरी है। मास्क लगाने और सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। जानिए और क्या खास कहा डॉ. गुलेरिया ने रिपोर्ट्स के अनुसार डॉ. गुलेरिया ने यह भी साफ किया है कि कोरोना महामारी पूरी तरह खत्म नहीं होगी। यही सामान्य सर्जी-जुकाम और वायरल बुखार के रूप में बनी रहेगी। जैसे-जैसे टीकाकरण और बढ़ेगा, कोरोना के नए केस घटते चले जाएंगे। लोगों में कोरोना के खिलाफ इम्युनिटी डेवलप हो चुकी है।



यही कारण है कि अब इस महामारी से मरने वालों की संख्या में भी तेजी से कमी गई है। डॉ. गुलेरिया के मुताबिक, यह जरूरी है कि देश के हर नागरिक को कोरोना टीका लगे। 18 साल से अधिक उम्र की आबादी को दो डोज लगने के बाद बच्चों को नंबर आएगा। बच्चों को भी टीकाकरण उतना ही जरूरी है। इसके बाद के हालात देखते हुए बूस्टर डोज के बारे में फैसला किया जाएगा। डॉ. गुलेरिया ने यह आशंका भी व्कक्त की कि आने वाले समय में कोरोना रूप बदलकर फिर से हावी हो सकता है, तब बूस्टर डोज लगाने की जरूरत हो सकती है। सही समय पर इसका फैसला होगा।

### यूके को आखिर देना पड़ी कोविशील्ड को मान्यता

कोरोना वैक्सीन के मुद्दे पर ब्रिटेन के भेदभाव के खिलाफ भारत को बड़ी कायमाबी हासिल हुई है। आखिरकार यूके ने भारत ने बनी कोरोना की वैक्सीन कोविशील्ड को मान्यता देदी है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, अपनी संशोधित ट्रैवल गाइड में यूके सरकार का कहना है कि कोविशील्ड को सफल वैक्सीन के रूप में मान्यता दी जाती है। यानी अब कोविशील्ड के दो डोज लेकर भारत से यूके जाने वाले किसी भी शख्स को क्वारंटीन नहीं रहना पड़ेगा। कहा गया था कि भारत में वैक्सीन लगवा चुके यात्रियों को वहां क्वारंटीन रहना पड़ेगा।

## नवंबर में होनी वाली परीक्षा में महिलाओं को किया जाए शामिल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला उम्मीदवारों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षाओं में बैठने की अनुमति देने के अपने अंतरिम आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया। दरअसल मंगलवार को रक्षा मंत्रालय ने कोर्ट से नंवबर में होने वाली एनडीए परीक्षा के जरिए महिलाओं को सेना में शामिल करने से छूट देने की प्रार्थना की थी। मंत्रालय ने कोर्ट में तर्क दिया था कि महिलाओं को शामिल करने की अनुमति देने के लिए कुछ बुनियादी ढांचे और पाठ्यक्रम में बदलाव की आवश्यकता है, इसलिए महिलाओं को एनडीए प्रवेश में भाग लेने की अनुमति देने के लिए मई 2022 तक का समय दिया जाए। हालांकि बुधवार को कोर्ट ने मंत्रालय की इस मांग को ठुकरा दिया।

# MP में उद्योग बढ़ाने होंगे

### एक हजार करोड़ से अधिक के कार्यों का सीएम ने किया लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जन-कल्याण और सुराज अभियान में मिंटो हाल में एक हजार करोड़ से अधिक की लागत के 73 विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया। साथ ही 402 शहरों को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर 299.04 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से वितरित किए। सीएम शिवराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अकेली सरकार, सीएम और मंत्री कुछ नहीं कर सकते। जनभागीदारी से कोरोना को नियंत्रित किया गया। इससे नई बात पता चली, अनुभवियों को जोड़ो और उनसे बात करो। एक्पोर्ट काउंसिल में एक्सपोर्टर भी शामिल होंगे।



आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वाणिज्य सप्ताह के कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि बेरोजगारी बड़ी समस्या है, उसका समाधान खोज रहे हैं। मध्य प्रदेश में उद्योग बढ़ाने होंगे, हम कई तरह के उत्पाद एक्सपोर्ट करेंगे। एक जनवरी से निर्यात शुरू कर देंगे। शहडोल में कोदो कुटकी, नीमच में एक कली का लहसून का निर्यात कर सकते हैं। हम अपनी जरुरत के साथ एक्सपोर्ट क्वालिटी के सामान बनाएं। हम आज भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं, पर ताइवान की तरह करना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि हमारी ग्रोथ हो रही है, पर एक्सपोर्ट क्वालिटी पर काम करना है। एक हफ्ते में काउंसिल गठित हो जाएगी। निर्यात से जुड़ी छोटी छोटी तकनीक पर ध्यान देंगे।

## केन्द्रीय कर्मचारियों को दीपावली से पहले मिलेगा महंगाई भत्ता




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों को दीपावली से पहले बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। केंद्र सरकार दीपावली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान कर सकती है। गौरतलब है कि बीते 18 महीने से केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता रुका हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार इस महंगाई भत्ते की राशि को जल्द ही रिलीज करने का ऐलान कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक महंगाई भत्ते से जुड़ा मामला अब प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंच गया है और प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे से वापस आने के बाद इस संबंध में बड़ी घोषणा की जा सकती है। गौरतलब है कि भारतीय पेंशनर्स मंच ने बीते दिनों इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था और केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत के एरियर का बकाया देने के लिए क्क्रमोदी से अपील थी। वित्त मंत्रालय ने कोरोना महामारी के चलते मई 2020 में महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को 30 जून 2021 तक के लिए रोक दिया था और फिर 1 जुलाई 2021 से इसे बहाल करने के लिए का आदेश दिया था।

### कुछ संभागों में बारिश के आसार

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में झारखंड के आसपास सक्रिय है। राजस्थान पर भी एक चक्रवात मौजूद है। इसके अतिरिक्त मानसून ट्रफ भी अभी मध्यप्रदेश से होकर गुजर रहा है। उधर बुधवार को राजधानी भोपाल में सुबह से आंशिक बादल बने हुए हैं, धूप खिली हुई है। बुधवार को जबलपुर, होशंगाबाद और इंदौर संभागों के कुछ जिलों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।

## फ्लैट में भीषण आग, महिला का जलते हुए दर्दनाक वीडियो



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में मंगलवार को भयावह आग लगने के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई। इनमें से एक महिला का बालकनी में जलते हुए भयावह वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अपार्टमेंट में लगी आग ने देखते ही देखते 3 फ्लैट्स तक फैल गई। इस दौरान सभी लोग फ्लैट से भागने में सफल रहे लेकिन दो महिलाओं की आग लगने से मौत हो गई। भीषण आग के बीच फ्लैट के बालकनी फंसी महिला आग की लपटों से घिरी हुई थी और लोगों से मदद की गुहार लगा रही थी।



### धर्मांतरण का देशव्यापी सिंडिकेट चलाने वाला मौलाना गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने बुधवार को मुजफ्फरनगर से अवैध धर्मांतरण का देशव्यापी सिंडिकेट चलाने के आरोपी प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान मौलाना कलीम सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार, उसे हवाला के जरिए फंडिंग की जाती थी। वह लोगों को प्रभावित कर शरीयत व्यवस्था लागू करने और जनसंख्या अनुपात बदलने के लिए वृहद स्तर पर धर्मांतरण करवा रहा था।

## अमेरिका रवाना हुए पीएम मोदी भारत के लिए काफी अहम होगा दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका यात्रा के लिए रवाना हो गए। रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने ट्वीट किया, अमेरिका की मेरी यात्रा अमेरिका के साथ व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, हमारे रणनीतिक भागीदारों जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को मजबूत करने और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर होगा। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे और चीन-पाकिस्तान की भूमिकाओं के बीच पीएम मोदी का यह दौरा बहुत अहम माना जा रहा है। दौरे के दौरान पीएम मोदी पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलेंगे। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र महासभा में पीएम मोदी के संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर है। इस दौरान क्वाड देशों के शिखर सम्मेलन में भी पीएम मोदी हिस्सा लेंगे। भारत के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान क्वाड का हिस्सा हैं। छह माह बाद पीएम मोदी का यह पहला विदेश दौरा है। 23 सितंबर को अमेरिका के शीर्ष सीईओ से मुलाकात करेंगे। यहां एप्पल के प्रमुख टिम कुक भी रहेंगे। इसके बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से भी मुलाकात करेंगे। 24 सितंबर को पीएम मोदी वॉशिंगटन में क्वाड समूह के नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस मुलाकात के बाद ही व्हाइट हाउस में नेताओं की बैठक होगी, जिसमें अफगानिस्तान, इंडो-पैसिफिक, जैसे संवेदनशील मामलों पर बात होगी।



# अब कोरोना से ज्यादा डेंगू का खतरा

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

**प्रयागराज।** देश के कई राज्यों में डेंगू का कहर जारी है। सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही पिछले एक महीने में कई मौतें इस वजह से हो चुकी हैं। मरने वालों में ज्यादातर बच्चे ही हैं। मथुरा और फिरोजाबाद के अलावा कानपुर, प्रयागराज और गाजियाबाद से तो लगातार डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि बच्चे ही सबसे ज्यादा क्यों संक्रमित हो रहे हैं और उन्हें इस संक्रमण से कैसे बचाया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू ऐसी बीमारी है जो किसी को भी हो सकती है। लेकिन इस बार इससे बच्चे ज्यादा संक्रमित हो रहे हैं। कारण यह है कि बच्चों का प्रतिरक्षा तंत्र वयस्कों के मुकाबले कमजोर होता है। साल में छह से आठ बार वे श्वसन संबंधी संक्रमण से ग्रसित होते हैं। इधर, लॉकडाउन खुलने के बाद बड़ी संख्या में बच्चे बाहर आ रहे हैं और बाहर का दूषित खाना और गंदा पानी पी रहे हैं। यही कारण है कि उनमें संक्रमण का खतरा भी सबसे ज्यादा है। मानसून के बाद कई जगहों पर पानी का जमाव हो जाता है। ऐसे में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसे रोग तेजी से फैलते हैं। इससे बचने के लिए घर पर पानी का जमाव न होने दें और जहां पर भी पानी जमा जमा होता है उसे हर रोज बदलते रहें। डेंगू और चिकनगुनिया एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर साफ पानी में पैदा होता है। वहीं एनोफिलीज मच्छर मलेरिया का कारक होता है जो गंदे व साफ दोनों तरह के पानी में प्रजनन करने में सक्षम है।



### हाईकोर्ट ने एमपी मेडिकल एडमिशन रूल को दी गई चुनौती खारिज की

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में मेडिकल एडमिशन रूल को चुनौती संबंधी याचिका में राहत से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ ने साफ किया कि कोर्ट राज्य सरकार को निर्देश नहीं दे सकती। राज्य सरकार मेडिकल पीजी सीट पर मूलनिवासी अर्थात राज्य के किसी भी जिले की मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस करने वाले छात्रों को पीजी सीट पर वरीयता देने स्वतंत्रत है। याचिका कर्ता प्रायवेट मेडिकल कॉलेजेस की एसोसिएशन ने उस रूल की संवैधानिक वैधता को कठघरे में रखा था, जिसके तहत सिर्फ मूलनिवासी को वरीयता दी जानी है। इससे बाहर के राज्यों से एमबीबीएस करने वाले नीट उत्तीर्ण छात्र मध्य प्रदेश में पीजी सीट पर दाखिले से वंचित हो रहे हैं। रूल का नियम 2 उपनियम 13 कठघरे में रखा गया था। कोर्ट ने राज्य शासन अधिकृत नहीं है, इस मांग को पूरा करने से मना कर दिया। इसी के साथ एसोसिएशन आफ प्रायवेट मेडिकल यूनिवर्सिटी को झटका लगा जबकि राज्य को राहत मिली। कोर्ट ने एसोसिएशन की वह मांग दरकिनार कर दी, जिसके तहत राज्य को अधिकृत न होने की दलील दी गई थी।

कटनी, जबलपुर, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित




## सामान्य से 16 प्रतिशत कम बारिश, पर उम्मीद बाकी

**जबलपुर।** मौसम विभाग पहले करीब 5 अक्टूबर के आसपास मानसून की विदाई मान रहा था, लेकिन दो और सिस्टम के बनने की स्थिति को देखते हुए अब विदाई की अभी संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार अभी के सिस्टम से प्रदेश भर में 25 तक बारिश होगी। इसके बाद 28 को नया सिस्टम बन रहा है। इसके कारण अगले एक सप्ताह तक रिमझिम और फिर एक और सिस्टम के तैयार होने की उम्मीद है। इस कारण अभी कम से कम 20 दिन और बारिश हो सकती है।

**अभी कम से कम 20 दिन और बारिश**

### जबलपुर संभाग में कोटा पूरा नहीं हो पाया

पूर्वी मध्यप्रदेश के जबलपुर, कटनी, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, दमोह, नरसिंहपुर, पन्ना, सागर, सिवनी और सतना समेत लगभग सभी जिलों में 15 से लेकर 60प्रश तक कम पानी गिरा है। इन जिलों में इस दौरान करीब 41 इंच बारिश होना चाहिए थी, लेकिन कुल 33 इंच पानी गिरा है। यह सामान्य से 16प्रश कम है। जबलपुर में तो 623.4 मिमी ही बारिश हुई है जबकि गत वर्ष आज के दिन तक 1007 मिमी बारिश हो चुकी थी।

### अगले 20 दिन तक बारिश होने की उम्मीद

अभी तक 20 से बने सिस्टम को ही अंतिम सिस्टम माना जा रहा था, लेकिन अब दो और सिस्टम तैयार होने की उम्मीद बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक यह ज्यादा मजबूत नहीं होंगे, लेकिन इससे अगले 20 दिन तक बारिश होने की उम्मीद बन गई है। इसका प्रभाव, महाकोशल, में ज्यादा रहेगा।

### यह सिस्टम बारिश करा रहा

वर्तमान में तटीय तमिलनाडु और पूर्वी राजस्थान के ऊपर चक्रवातीय गतिविधियां अभी भी सक्रिय हैं, जबकि गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर अवस्थित चक्रवातीय एक्टिविटी प्रभावशाली होकर निम्न दाब क्षेत्र बन गया है। मानसून ट्रफ जैसलमेर, कोटा, गुना, सीधी और रांची से होते हुए निम्न दाब क्षेत्र से लेकर पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक फैली है। पश्चिम बंगाल के ऊपर सक्रिय निम्न दाब क्षेत्र से ओडिशा-तेलंगाना तक अन्य ट्रफ लाइन गुजर रही है। पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास एक ट्रफ के रूप में सक्रिय है।

### अब मजबूत सिस्टम बना

वर्तमान में बंगाल की खाड़ी और ओडिशा तट के बीच निम्न दबाव का क्षेत्र मजबूत हुआ है। इस कारण वहां से लगातार नमी आ रही है। इसी कारण जबलपुर, संभाग में बारिश अभी हो रही है। दो तीन वहां बारिश रहेगी।

### जिले में अब तक 707.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष एक जून से अभी तक 707.2 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि पिछले वर्ष इस अवधि के दौरान 983.8 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई थी।

### सर्दी-जुकाम व बुखार ने बढ़ाई मरीजों की परेशानी

# कोरोना नियमों की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां



**जबलपुर।** जिले में डेंगू के अलावा सर्दी-जुकाम व बुखार भी आमजन व स्वास्थ्य विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ है। मौसमी बीमारियों के कारण अस्पतालों, डिस्पेंसरियों में मरीजों की कतारें लग रही हैं। बुखार के अलावा त्वचा रोगियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है।



सरकारी अस्पताल की ओपीडी के लिए जिन काउंटरों पर पर्ची कटवाई जाती है, वहां पर कोरोना नियमों की धज्जियों उड़ाई जा रही हैं, ओपीडी पर्ची काउंटर के बाहर लगभग हर दिन दो से तीन दर्जन लोगों की भीड़ रहती है। एक से दूसरे व्यक्ति के बीच न तो दो गज की दूरी रहती है और न ही उन्हें दो गज की दूरी बनाए रखने के लिए कोई कहने वाला होता है। कुछ लोगों के चेहरे पर मास्क भी रहता है, लेकिन वह सही तरीके से नहीं लगा रहता। लोगों का रैवया कोरोना को लेकर बेहद चिंताजनक है। जिले में इन दिनों वायरल फीवर, मलेरिया और डेंगू के मरीजों के संभावित मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। हर दिन जिला अस्पताल में अपनी जांच कराने के लिए काफी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़ रहती है। लेकिन लोग कोरोना से बचाव के जरुरी उपाय नहीं अपना रहे हैं। एक-दूसरे से दो गज की दूरी नहीं रहती है, मास्क लगाने में लापरवाही साफ नजर आती है। जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर से लेकर जांच कराने के लिए डॉक्टरों के कक्ष के बाहर खड़े मरीज एक-दूसरे से दूरी बनाकर भी नहीं रखते हैं। **फोटो- अशोक बर्मन**

### डेंगू: 82 दिनों में 500 के पार

जबलपुर के सरकारी आंकड़ों में इस साल छह माह में (जनवरी से जून तक) डेंगू के सिर्फ सात मरीज सामने आए थे। इसके बाद मात्र 82 दिनों (जुलाई से 20 सितंबर) में मरीजों की संख्या 500 के पार हो गई है। इतने मरीजों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की सिर्फ 33 टीमें घर-घर सर्वे कर मच्छरों के लार्वा नष्ट कर रही हैं। रक्त में प्लेटलेट्स की कमी के कारण कुछ मरीज मल्टीपल आर्गन फेल्योर की स्थिति में पहुंच गए। सरकारी आंकड़ों में डेंगू से इस साल दो मौत हुई है, जबकि सरकारी व निजी अस्पतालों में करीब एक दर्जन मरीजों के जान गंवाने की सूचना है।

### 1250 घरों में किया गया मच्छरों के लार्वा का सर्वे

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में जिला मलेरिया अधिकारी की टीम के द्वारा एक हजार 250 घरों में मच्छरों के लार्वा का सर्वे कार्य किया गया। इस दौरान 6 हजार 440 कंटेनरों में मच्छरों के लार्वा की जांच की गई। जिसमें 66 घरों के 97 कंटेनरों में लार्वा पाये गये। जनसमुदाय को लार्वा की पहचान एवं विनष्टीकरण और स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। साथ ही 1016 बुखार पीड़ित रोगियों की रक्त पट्टी और आर.डी. किट द्वारा जांच की गई। जिसमें मलेरिया पॉजिटिव शून्य था। डेंगू पॉजिटिव केस के घरों एवं क्षेत्र के 195 घरों में स्प्रे एवं फागिंग किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी एवं प्रवीन तिवारी कीटविज्ञानी भोपाल के द्वारा प्रेमसागर, घमापुर के डेंगू पॉजिटिव रोगी के घर फालोअप कर स्पेश स्प्रे एवं फागिंग कराया गया। इसके पश्चात रांझी सिविल अस्पताल में बुखार पीड़ितों की जानकारी ली गई एवं यूपीएचसी रांझी बड़ा पत्थर में मेडिकल ऑफीसर, सर्वेलेंस सुपरवाईजर, एमपीडब्ल्यू, आशा मोबिलाईजर से स्पेश स्प्रे, फागिंग कार्य की की गई एवं उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



# दो इकलौते बेटों का दर्द

जबलपुर। 17 महीने बाद शुरू हुई जनसुनवाई में तीन बेटों के दर्द से रूबरू होने का मौका मिला। एक दंपती उम्र के चौथेपन में इकलौते बेटे की करतूत से परेशान है। दूसरे दंपती का दर्द ये है कि उनके इकलौते बेटे की संदिग्ध हालत में मौत हो गई और उसका आखिरी चेहरा तक नहीं देख पाए।

### बात करते हैं पहले केस की

अमखेरा निवासी सुरेश नामदेव (75) ठीक से खड़े होकर चल भी नहीं पाते। नागमंदिर के पास गुरंदी वाले टेलर मास्टर नाम से पहचान है। इस उम्र में भी सिलाई कर जिंदगी की गाड़ी खींच रहे हैं। पत्नी रूद्राबाई और इकलौते बेटे सुभाष नामदेव के साथ रहते हैं। लाठी टेकते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे थे। दर्द बंया किया तो गला भर आया ।बोले-बेटा शराब पीता है। सारी कमाई छीन लेता है। मोबाइल था, वो भी छीन लिया। अक्सर वह मुझे और मेरी पत्नी पर हाथ उठा देता है। मेरी पत्नी बेचारी बेटे का अत्याचार सह जाती है। पर मैं बेटे का अत्याचार नहीं सह सकता। दो-दो बार बेटे की शादी की, लेकिन उसकी हरकतों के चलते दोनों बहूएं चली गई।

### इकलौते बेटे की मौत का सच जानने परेशान है ये दंपती

गोरखपुर ककरैया तलैया निवासी गोवर्धन झारिया, पत्नी अहिल्या झारिया, बहू रानी, पोते-पोती मिष्ठी (3) व विनय (2) के साथ पहुंचे थे। गोवर्धन ने बताया कि उसका इकलौता बेटा संजय झारिया ढाबे में खाना बनाता था। 7 सितंबर को मोहल्ले के अभिषेक के साथ उसकी ससुराल निकला था। साथ में मनोज भी था ।अभिषेक व मनोज पाटन स्थिल ससुराल से लौट आए, लेकिन उनका बेटा नहीं लौटा। 11 सितंबर को पता चला कि उसके बेटे की लाश सूखा गांव के पास नहर में मा?ेताल पुलिस ने बरामद किया था। लावारिश में ही लाश दफन करवा दिया। घरवालों को आखिरी बार चेहरा तक नहीं देखने को मिला। वहीं परिवार पाल रहा था। परिवार का आरोप है कि मनोज व अभिषेक ने गोवर्धन को जानबूझकर अधिक शराब पिलाई थी। उसे घर पहुंचाने की बजाए नहर किनारे छोड़कर चले आए।

### जनकल्याण और सुराज के 20 वर्ष कार्यक्रम

## राजीव गांधी वार्ड के हितग्राही लाभान्वित

जबलपुर। जनकल्याण और सुराज के 20 वर्ष के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास परियोजना कु. 4 के परि. अधिकारी रीतेश दुबे के मार्गदर्शन में सेक्टर-3 में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सरस्वती पूजन के साथ पोषण वाटिका का लोकार्पण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राजीव गांधी वार्ड के हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि का विवरण- प्रमाण पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत कक्षा 6 वीं) 9वीं एवं 11वीं प्रवेशी 12 बालिकाओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र, एवं अतिक्रमकान की



श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए 3 बच्चों की माताओं को पोषण अधिकार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद श्रीराम शुक्ला उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व पार्षद उमेश रैकवार, विध्येश भास्कर जी श्री नरेंद्र खरे, आशीष चौधरी, अरविंद गुप्ता, पवन गुप्ता, शैलेष पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। समस्त कार्यक्रम का आयोजन सेवर. 3 की पर्यवेक्षक श्रीमति खुशबू ठाकुर के निर्देशन में कार्यकर्ता श्रीमति प्रभा साहू, नीता पटेल, सरिता परेल, सोमवती परेल, शोभा-चौधरी, मीरा पटेल, कंचन, मोनिका, लवली, अर्चना शर्मा, बुखू चौधरी, सविता कोरी, लकी पटेल, अंजना साहू, राधा कोरी के सहयोग से किया गया ।

### राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के जन्मदिन पर सेवा के कार्यक्रम



## बच्चों को कापियाँ एवं स्टेशनरी का सामान बांटा

जबलपुर। संस्कारधानी के माटी पुत्र राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा राजनीति से ज्यादा अपने सेवा कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उनके जन्मदिन पर कांग्रेस नेता जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा एकीकृत माध्यमिक कन्या शाला महेशपुर में 170 बच्चों को 4-4 कापियाँ एवं स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार को संबोधित करते हुए अन्नू ने बताया कि श्री विवेक तन्खा जी का जीवन सबके लिए सेवा की राह दिखाता है इसलिए उनके जन्मदिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि हम सब सेवा कार्य करें। सेवा के इस कार्य में जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ नीतेश टांक रिंकू, किरीट राठौर, राजेन्द्र रजक कल्लू, प्रमोद तिवारी, अंकित रैकवार आदि उपस्थित थे ।

### कन्या राशि के सूर्य ने पितृ पक्ष की बढ़ाई महिमा

## होंगी सभी बाधाएं दूर

जबलपुर। पूर्वजों की आस्था यानी पितृ पक्ष सोमवार से शुरू हो गए हैं। दूसरे दिन शहरवासियों ने घरों में और नर्मदा तटों पर पहुंचकर अपने पितरों को तर्पण किया। ज्योतिषाचार्यों का कहना है इस वर्ष कन्या राशि के सूर्य ने पितृपक्ष की महिमा को बढ़ाया है। पितृ पक्ष में यदि पूर्वजों को मन से याद किया जाए तो वे विविध दोषों को दूर करते हैं ।अब छह अक्टूबर तक श्राद्ध किए जाएंगे, मगर श्राद्ध कर्म बिना विधि और बिना तिथि के नहीं करना चाहिए। इससे पितृ रुष्ट भी हो सकते हैं। ज्योतिषाचार्य सतीश सोनी ने बताया कि श्रद्धा से श्राद्ध शब्द बना है। श्राद्ध मुख्यत: दो तरह के होते है एकोदिष्ट व पार्वण। आश्विन माह के महालय पितृपक्ष में सोलह दिनों में पार्वण श्राद्ध किए जाते हैं। इसमें अपरा व्यापिनि तिथि श्राद्ध में ली जाती है, जिसे कुतुप बेला कहते है। श्राद्ध में दोहित्र नेपाली कंबल व कुतुप बेला ये श्रेष्ठ होते हैं। यत्न पूर्वक इन्हें काम में लेना चाहिए। कृष्ण पक्ष महालय पितृपक्ष के नाम से कहलाता है, लेकिन नाना-नानी के श्राद्ध के लिए नवरात्र की प्रतिपदा को यह श्राद्ध होता है, जो आश्विन शुक्ला प्रतिपदा सात अक्टूबर गुरुवार को होगा। आश्विन मास में आने वाले महालय पितृ पक्ष में अपने दिवंगत पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध कर्ता 20 सितंबर सोमवार से छह अक्टूबर के मध्य श्राद्ध कर सकेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अगर कोई कुंवारा देवलोक हुआ हो तो उसका श्राद्ध पंचमी को किया जाता है। सुहागिन स्त्री देव लोक हुई हो तो उसका श्राद्ध नवमीं को किया जाता है। सन्यासियों का द्वादशी को व आत्मघात जल-अग्नि-विष व शस्त्र से मरण व्यक्ति का चतुर्दशी को श्राद्ध करना चाहिए।









### मध्यप्रदेश पुलिस में स्पोर्ट्स कोटे से खिलाड़ियों की सीधी भर्ती

# 19 साल बाद निकली भर्ती से खिलाड़ी खुश

**जबलपुर। प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। 19 साल बाद मध्यप्रदेश पुलिस में स्पोर्ट्स कोटे से खिलाड़ियों की सीधी भर्ती होने जा रही है। लम्बे समय बाद हो रही भर्ती से खिलाड़ी खुश है उनका कहना है कि उन्हें अब अपनी प्रतिभा का सही लाभ मिलेगा।**

अब हर साल अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले 60 खिलाड़ियों को बिना परीक्षा लिए भर्ती किया जाएगा। इनमें दस सब इंस्पेक्टर बनेंगे। जबकि 50 खिलाड़ियों को आरक्षक बनाया जाएगा। पुलिस हेड क्वार्टर ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। इतना ही नहीं, 60 पदों के लिए अब तक 561 आवेदन भी आ चुके हैं इनमें 91 आवेदन सब इंस्पेक्टर और 470 आवेदन आरक्षक की पोस्ट के लिए आए हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 27 सितंबर तय की




### 10 एसआई बनेंगे और 50 सिपाही

गई है। चार अक्टूबर तक प्रतिभागी अपने फार्म में संशोधन कर सकते हैं। इससे पहले, साल 2002 में पुलिस में स्पोर्ट्स कोट से 84 पदों पर नियुक्ति हुई थी। नई भर्तियों से जहां ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में मध्यप्रदेश पुलिस के मेडल्स की संख्या बढ़ेगी। वहीं, प्रदेश के खिलाड़ी नौकरी के लिए दूसरे राज्य और सर्विसेज में नहीं जाएंगे।

### ओलिंपिक, एशियाड व कॉमनवेल्थ के मेडलिस्ट ही सब इंस्पेक्टर बनेंगे

सब इंस्पेक्टर की पोस्ट के लिए वे खिलाड़ी ही आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने ओलिंपिक गेम्स, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट में देश के लिए मेडल जीते हैं। वहीं अधिकृत राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के मेडलिस्ट आरक्षक पद के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### 27 तक होंगे आवेदन

पात्र खिला?ी पुलिस विभाग की वेबसाइट (द्वह्लह्लश्चह्य://द्वश्चश्चश्चद्बद्गष्.द्दश1.द्बठ्ठ) में जाकर मय प्रमाण पत्र आवेदन कर सकते हैं। यहां शैक्षणिक और मेडल प्रमाण पत्र लगाने होंगे। हर कैटेगरी के मेडल प्रमाण पत्र को अंक प्रदान किए जाएंगे, फिर इन अंकों के आधार पर मैरिट लिस्ट बनेगी।

### हम तीर्थंकर के काल में है- आचार्य श्री

**जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज दयोदय तीर्थ में कहा कि सभी श्रद्धालुओं में दस लक्षण पर्व की आराधना अपनी अपनी श्रद्धा के अनुसार की है, वर्ष में यह पवित्र दस दिन आते हैं, सब जगह धार्मिक आयोजन होते है ,यह एक प्रकार से पंचम काल होते हुए भी धर्म का आचरण अभी भी है । आगम के अनुसार मुख्य रूप से धर्म को प्रधानता देते हुए जिस काल परीगणना की गई है उसके अनुसार इस काल मे 23000 वर्ष है कुछ निकल चुके हैं किंतु कहीं कहीं ऐसा भी प्रमाण मिलता है कि आज 16-17 हजार वर्ष हो गए हैं, कुछ ही वर्ष रह गए हैं कैसे पता चलता है ? इतिहास है, महावीर भगवान के विहार को बताने के लिए ऐतिहासिक परिणाम प्रमाण उपलब्ध है । अच्छे अच्छे दिन तो निकल गए हैं अब शेष दिन ही बचे इस बात का ध्यान रखना चाहिए जिस धरती पर तीर्थंकर भगवान का आकर जाना हुआ है, वह स्थान पवित्र होता है और शिरोधार्य होता है, सुनते हैं महावीर भगवान का जहां निर्वाण हुआ है, तालाबों के बीच में वह स्थान है, लोग उधर पर गए और उसकी मिट्टी आदि लेकर चले गए। कारण यह है कि अब आगे कोई भी तीर्थंकर इस काल मे अब इस धरा पर नहीं होंगे ।








# शहीद रमन बख्शी के नाम स्मारक लोकार्पित

## गरिमामय में माहौल में केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल व रिटायर्ड जनरल जीडी बख्शी ने किया उद्घाटन

**जबलपुर यश भारत।** हम अपने घरों में चैन से रह रहे हैं क्योंकि सीमा पर हमारे सैनिक मुस्तैद हैं। जिन्होंने समय आने परअपनी शहादत देकर मातृभूमि के ऊपर आंच नहीं आने दी। यह कहना था केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का। वे कटंगा स्थित रमन बख्शी मार्ग पर कैप्टन रमन बख्शी की स्मृति में स्मारक का लोकार्पण कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध में वीरगति को प्राप्त होने वाले वीर शहीद कैप्टन रमन बख्शी के नाम नर्मदा रोड का नामकरण भी शहीद बख्शी किया गया। इस मौके पर उद्घाटन कार्यक्रम आज बड़े ही गरिमामय माहौल में किया गया। इस मौके पर शहीद के भाई रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बक्शी उपस्थित रहे। रिटायर्ड जनरल जीडी बक्शी ने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का सबसे बेहतर उपाय और कोई नहीं हो सकता। जो आने वाली पीढी को उनकी शहादत की याद दिलाता रहेगा। अमर शहीद कैप्टन रमन बख्शी जैक राइफल्स में 1963 में कमीशंड अधिकारी के रूप में भर्ती हुए थे। इसके साथ ही वे जबलपुर के उत्साही एनसीसी कैडेट थे। जिन्होंने पाकिस्तान से युद्ध के दौरान अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहादत हासिल की थी। इस मौके पर जैक राइफल्स के तमाम आला अधिकारी व क्षेत्रीय जन सहित शहर के प्रबुद्ध वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने 114 के विरूद्ध की कार्रवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों के द्वारा शहर भर में कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले, बिना मास्क लगाए घूमने वाले नागरिकों और व्यापार करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने नगर निगम द्वारा अब लगातार गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती की जा रही है। इसके साथ साथ कोविड-19 के संक्रमण से बचने संबंधी जारी नियमों के विपरीत कार्य करने वाले लोगों/दुकानदारों के विरूद्ध भी नगर निगम कार्रवाई तेज कर दी है। निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़कों पर निर्माण सामग्री एवं गंदगी फैलाने और अमानक प्रकार की पॉलिथीन का विक्रय करने वालों के साथ-साथ बिना मास्क लगाए घूमने के विरूद्ध आज भी कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि 114 दुकानदारों और नागरिकों के चालान काटे गए। इस दौरान सभी संभागों के अंतर्गत 4 हजार 5 सौ 10 रुपये से अधिक जुर्माने के रूप में वसूली कर निगम खजाने में जमा करवाई गई। शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

# बांग्लादेश देश की टीम ने खुद चलाई एम पी व्ही

**जबलपुर यशभारत।बांग्लादेश की सेना के लिए माइन प्रोटेक्टिव व्हीकल खरीदने के लिए वहां की एक टीम लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद सैफुल आजम के नेतृत्व में आज व्हीकल फैक्ट्री पंहुची जिसने प्लांट वन में बनने वाली एम पी व्ही का जमीनी स्तर पर निर्माण कार्य देखा।**



## शाप फ्लोर से लेकर टेस्ट ट्रैक तक किया परीक्षण हुए संतुष्ट

इतना ही नहीं टीम परीक्षण स्थल शोभापुर के टेस्ट ट्रेक पहुंची जहां खुद टीम सदस्य एम पी व्ही मे बैठे इसके साथ ही उन्होंने खुद उसे चला कर देखा।सूत्रों के अनुसार उन्हें वाहन पसंद आ गया है।अब अगली प्रक्रिया बांग्लादेश और आगामी बनने वाले आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड के मध्य होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले बांग्लादेश की सात सदस्यीय टीम आने वाली थी।लेकिन कतिपय कारणों से तीन सदस्य नहीं आये।दोपहर12 बजे की फ्लाइट से टीम डुमना आई जहां से टीम सीधे व्ही एफ जे निरीक्षण बंगले में आकर रुकी।दोपहर लंच लेने के बाद करीब ढाई बजे टीम फैक्ट्री पंहुची जहां उनके औपचारिक स्वागत के बाद महाप्रबंधक अतुल गुप्ता के साथ प्लांट वन गई।प्रदर्शनी हाल में अवलोकन के साथ टीम ने एम पी वी के हल इंजन असेंबली और अन्य कार्यों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया।इसके बाद बताया जाता है कि टीम ने टेस्ट ट्रैक जाकर अवलोकन किया।टीम सदस्य एम पी व्ही मे बैठे भी और खुद चला कर निरीक्षण किया।बताया जाता है कि टीम एम पी व्ही देखकर संतुष्ट है।टीम बांग्लादेश पहुंच कर विचार विमर्श करने के बाद अगली कार्यवाही करेगी।संभवतः तब तक व्ही एफ जे निगम के अधीन होगी।इसलिए खरीद का अनुबंध ए व्ही एन एल के साथ होगा।



## 3 स्पेशल ट्रेनों में लगेंगेअतिरिक्त कोच

*जबलपुर यश भारत। गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची टिकट धारकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के कारण हमेशा से ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयम्बटूर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन में 24.09.2021 को 02 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09807 कोटा से हिसार स्पेशल ट्रेन में 24.09.2021 एवं 26.09.2021 को 02 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 09813 कोटा से हिसार 25.09.2021 को 02 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है अतः इनमें कन्फर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

## दुर्ग-निजामुद्दीन- के मध्य सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली दुर्ग से निजामुद्दीन के मध्य गाड़ी संख्या 08223/08224 द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी जबलपुर मंडल के कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों होकर गन्तव्य को जाएगी। *गाड़ी संख्या 08223/08224 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (द्वि-साप्ताहिक) :- गाड़ी संख्या 08223 दुर्ग से निजामुद्दीन द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 28.09.2021 से आगामी सूचना तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को दुर्ग स्टेशन से 11.10 बजे प्रस्थान कर उमरिया 17:53 बजे, *कटनी मु?वारा 19:30 बजे, दमोह 21:23 बजे, सागर 22:23 बजे और अगले दिन 06:55 बजे निजामुद्दीन स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 08224 निजामुद्दीन-दुर्ग द्वि- साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 29.09.2021* से आगामी सूचना तक प्रत्येक बुधवार और शनिवार को निजामुद्दीन स्टेशन से 11:25 बजे प्रस्थान कर, झाँसी 17:20 बजे, *सागर 20:33 बजे, दमोह 21:38 बजे, कटनी मु?वारा 23:30 बजे और अगले दिन उसलापुर 06:05 बजे एवं 08:00 बजे दुर्ग स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 रसोई यान एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 17 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेण्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, *कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, झाँसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है।

## घमापुर-मदनमहल में चोरों ने सूने मकानों पर किया हाथ साफ

# 70 हजार के जेवरात, सायकिल व सिलेंडर कर दिया पार

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के घमापुर और मदनमहल थाना क्षेत्र में चोरों ने रैकी कर हजारों की चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घमापुर में जहां सोने और चाँदी के जेवरात कीमत करीब 70 हजार तो वहीं मदनमहल में गैस सिलेंडर और सायकिल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जानकारी अनुसार रतन चौधरी उम्र 42 वर्ष निवासी घमापुर ने पुलिस को बताया कि अपने बड़े भाई मंजू चौधरी के घर भाभी की तबियत खराब होने से सपरिवार देखने गये थे। रात लगभग 3 बजे वह घर वापस आकर ताला खोलकर सो गया था, बाद में उसकी बेटी भावना एवं पत्नी घर आयीं और किसी काम से घर में रखी आलमारी खोली तो देखीं कि आलमारी का लॉकर टूटा था, पत्नि ने उसे बताया कि लॉकर में रखे 45 हजार रूपये एवं सोने-चांदी के जेवर गायब है। कोई शातिर चोर दरम्यिानी रात में मेन गेट की सांकर खोलकर घर के अंदर घुसकर आलमारी के लॉकर से नगदी सहित जेवर लगभग 70 हजार रूपये कीमती चोरी कर ले गया।

### बीमार भाभी को देखने गया था, घर में हो गई चोरी

इसी प्रकार थाना मदनमहल में ब्रजेन्द्र कुमार पटैल उम्र 67 वर्ष निवासी स्नेहनगर ने पुलिस को बताया कि घर में ताला बंद कर रिश्तेदारी में ग्राम टिकरिया चला गया था। दोपहर 2 बजे घर आकर देखा कि घर के 3 ताले टूटे हुये थे अंदर जाकर देखा तो इंडेन कम्पनी का गैस सिलेण्डर तथा एक साईकिल गायब थी।

### फुटेज में दिखे आरोपी

पीड़ित ने बताया कि जब उसने अपने घर के सीसीटीव्ही फ ुटेज देखे तो 2 लड़के उसके घर से सिलेण्डर ,साईकिल जिनकी कीमत करीब 5 हजार रुपय लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों पर एफआईआर दर्ज कर, मामला जांच में लिया है।

## अब हर मंगलवार को नगर निगम में जनसुनवाई

जबलपुर। कोरोना काल में शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई बंद कर दी गई थी, जिसे मंगलवार से नगर निगम में प्रारंभ कर दिया गया है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने जनसुनवाई कक्ष में प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान साफ-सफाई, अतिक्रमण, भवन शाखा, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, से संबंधित 17 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. ने संबंधित अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर कराया।जनसुनवाई के उपरांत निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि अब प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कक्ष में प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी जायेगीं और उसका निराकरण कराया जायेगा।

## सूबेदार नरेंद्र ने जीता स्वर्ण पदक

### विश्व बाक्सिंग चैम्पियनशिप में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**जबलपुर यशभारत।**जबलपुर स्थित4टी टी आर 1एस टी सी सूर्या कमांड मे पदस्थ सूबेदार नरेन्द्र ने कर्नाटक के बेल्लारी मे संपन्न हुई 5 वीं एलाइट राष्ट्रीय बाक्सिंग चेंम्पियन शिप2021-2022 स्पर्धा मे बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता।मुक्केबाज सूबेदार नरेंद्र ने विभिन्न वजन वर्ग की18.स्पर्धा में हिस्सा लेकर 92+किलोग्राम के सुपर हैवीवेट की चंडीग? में हो रही स्पर्धा में खेल रहे हैं।आगामी दिनों में वे बेलग्रेड मे होने वाली विश्व मुक्केबाजी चेम्पियनशिप मे अन्य विजेताओं की टीम में शामिल होकर भारत की ओर से हिस्सा लेंगे।



# 3 युवकों ने घेरा, घोंपा चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के कैलाश पुरी इलाके में दरमियानी रात तीन युवकों ने पुरानी रंजिश का बदला लेने एक युवक पर चाकूओं से दनादन वार कर लहूलुहान कर दिया। घटना के दौरान मची चीख पुकार सुन जब मोहल्ले वाले दौड़े, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसी हालत में पीड़ित युवक थाने पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि अजय मिश्रा पिता राजेश मिश्रा निवासी कैलाशपुरी ने शिकायत दी कि दरमियानी रात जब वह घर में था उसी दौरान उसके भाई विजय मिश्रा ने तीन युवक कबीर यादव, साहिल यादव व करम बेन गाली गलौच कर रहे थे।

**गोरखपुर में वारदात**

### जान से कर दूंगा खत्म...

अजय ने बताया कि जब तक वह अपने भाई से कुछ पूछ पाते पाते उसके पहले ही तीनों ने चाकू से पेट में वार कर जख्मी कर दिया। उसने शोर मचाया तो तीनों जान से माराने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि तीनों से पुरानी रंजिश है, जिसका बदला लेने के लिए ही आरोपी उसके भाई को जान से मारने आए थे। पुलिस अब सरगर्मी से आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।



## पालतू जानवरों को घुमाना ,सार्वजनिक स्थलों पर मल-मूत्र कराना प्रतिबंधित

### तो कुत्ता मालिकों पर 1 हजार रूपये का अर्थदण्ड

जबलपुर। स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए तथा नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत् नगर निगम के आयुक्त संदीप जी.आर. ने एक आदेश जारी कर कहा है कि आज से पालतू जानवरों को घुमाना, गंदगी फैलाना एवं सार्वजनिक स्थलों पर मल-मूत्र कराना प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि जो भी इस आदेश के बाद सार्वजनिक स्थलों पर खुले में मल-मूत्र कराते पाए जाते हैं या पालतू कुत्तो को घुमाया जाता है तो उनके विरूद्ध 1 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा, इसके लिए निगमायुक्त जी.आर. ने संभाग क्रमांक 01 से लेकर 16 तक के मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को अधिकृत किया है।प्रतिबंधात्मक आदेश के संबंध में निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि नागरिकों द्वारा अपने पालतू कुत्तों को सार्वजनिक स्थलों पर लेजाकर मल-मूत्र कराया जाता है जिससे गंदगी फैलने तथा विभिन्न संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना बनी रहती है तथा शहर की स्वच्छता और स्वच्छ वातावरण भी प्रभावित होता है। इस दृष्टिकोण को अपनाते हुए यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कुत्ता पालकों से कहा है कि सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों को घुमाते समय अपने पास कुत्ते के द्वारा किये जाने वाले मल-मूत्र के निस्तारण पर पूप स्कूपर, पूप बैग, वेस्ट स्कूप, लिटर स्कूप अपने साथ लेकर चलें और उसमें मल को एकत्र कर उचित निस्तारण करें, ऐसा ना करने की स्थिति में कुत्ता मालिक पर 1 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

## चित्रकला प्रदर्शनी

**जबलपुर।** साहित्य, संस्कृति, को समर्पित 'पाथेय' संस्था के तत्वावधान में प्रतिष्ठित कला मर्मज्ञ प्रमोद कुशवाहा के साथ इनके शिष्य दीप्ति उपाध्याय एवं ओशिन मेहरा के द्वारा निर्मित मनमोहक कलाचित्रों की द्वि दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी 'फलक' कलावीथिका में लगाई गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजकुमार सुमित्र ने किया। विशिष्ट अतिथि विधायक विनय सक्सेना, समाजसेवी गीताशरत तिवारी, कला मर्मज्ञ डॉ. किशन कुशवाहा, छायांके चेरिटेवलट्रस्ट की निधि त्रिवेदी मिश्रा रहीं । पाथेय के संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने कला प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।



## संघ संरक्षक का किया गया सम्मान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ वरगी हिल्स के विभागीय अध्यक्ष वैघनाथन अय्यर एवं महासचिव बाल गोबिंद माली सचिव संजय अरसैया उपाध्यक्ष उत्तरा बर्मन एवं श्याम रजक कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल के द्वारा विधायक तरूण भानोत / संरक्षक मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ वरगी हिल्स का शॉल श्रीफल एवं तैल चित्र के द्वारा सम्मान किया गया।

# रोटरी क्लब जबलपुर साउथ ने किया डेस्क बेंच का लोकार्पण

**जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा चरगवां रोड झीरी गांव की प्राथमिक शाला मैं निर्धन गरीब बच्चों को बैठने के लिए 40 डेस्क बेंच प्रदत्त की आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बरगी विधायक संजय यादव , विशिष्ट अतिथि के तौर पर रोटरी डिस्ट्रिक 3261 के प्रान्तपाल सुनील फाटक कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब साउथ के अनुराग जैन गढ़ावाल ने की ।**



कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ उपस्थित अतिथियों स्वागत कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी कांत शुक्ला (बबुआ शुक्ला )ने किया । समाजसेवी गौतम ,संजय पटेल ने बताया की स्कूल का पुर्ननिर्माण एवं विस्तारी करण विधायक संजय यादव ने किया ।आज भी संजय यादव ने अगले वर्ष 1 और नवीन कक्ष की घोषणा की । यहां के पंच , पंचायत, सचिव एवं सरपंच के सहयोग से यह स्कूल संचालित हो रही है ।ऐसे स्कूल को संचालित करने में गेंदालाल बरखेड़ा ,हरिलाल, दस्सी लाल मास्टर दिनेश मरावी ,पवन , रविकांत पटेल ,इन्होंने स्कूल के रखरखाव में अन्य कार्यों के लिए अपने पास से पैसे लगाकर इस स्कूल को संभाला है कुछ गांव की महिलाएं धनिया बाई, रोशनी, सुकृति, हीरा ,बबीता ,उर्मिला ,गोमती ।, बच्चों को स्कूल लाने का कार्य करते हैं। रोटरी क्लब की ओर से रोटे. अंशुल बजाज ने गांव के लोगों को बच्चों को स्कूल लाने की शपथ दिलाई गई ।तथा बच्चों की पढ़ाई में बाधा आने वाली चीजों को रोटरी क्लब साउथ ने वचन दिया कि हम उसे पूरा करेंगे, रोटरी क्लब ने ये डेस्क बेंच रोटेरियन आर. एस. चौहान, वर्षा चौहान के सहयोग से प्रदान की ।बच्चो के चेहरो पर अत्यधिक मुश्कान थी आज के कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन राकेश गिद्रोणीया ने किया कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डिस्ट्रिक्ट सचिव अखिल मिश्रा जी ने किया।

# स्कूलों में होगा शाला प्रबंधन समितियों का गठन

**जबलपुर।** स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था में बेहतर प्रबंधन और शैक्षिक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रदेश के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं कक्षा पहली से आठवीं तक संचालित संयुक्त माध्यमिक स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों का गठन 22 सितम्बर 2021 को किया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों का गठन किया जाना है। ये समितियाँ बच्चों के शाला नामांकन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तायुक्त शिक्षा और अधोसंरचना कार्यो के साथ बच्चों के बहुआयामी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रदेश में लगभग 90 हजार प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में गठित होने वाली समितियों का कार्यकाल आगामी 2 शैक्षणिक सत्रों के लिए निर्धारित होगा। शाला प्रबंधन समितियों के 18 सदस्यों में शाला में अध्ययनरत् बच्चों के पालक, शाला के प्रधान शिक्षक, वरिष्ठतम् महिला शिक्षिका और स्थानीय वार्ड के पंच/पार्षद या स्थानीय निकाय के सरपंच/अध्यक्ष/महापौर द्वारा नामित अन्य वार्ड की एक महिला पंच/पार्षद के रुप में निर्वाचित जन-प्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं। इन समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन विद्यार्थियों के अभिभावकों में से किया जाएगा। वहीं शाला के प्रधान शिक्षक, समिति के सदस्य सचिव रहेंगे।

**INDUSIND BANK LTD**

**TATA LPT** 3718ICR BS4, VEHICLE NO CG04LV6962 MODEL 2017
**ENGINE NO**
**ISBE591804071G63608682**
**CHESSIS NO - MAT541024H1G13850**

**उचित कीमत पर शीघ्र बेचना है।**
**सम्पर्क करें- मो. 7448831037**

**कार्यालय जनपद पंचायत जबलपुर, जिला जबलपुर**

मेल आईडी - Janpadjabalpur@gmail.com फोन नं 0761-2678182

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जनपद पंचायत जबलपुर उपयोगार्थ स्टेशनरी वर्ष 2021-22 हेतु आवश्यकता है। अतः आप अपनी फर्म के रेट बंद लिफाफे में इस कार्यालय में दिनांक 28.9.21 तक कार्यालय समय में भेजना सुनिश्चित करें। उक्त निविदायें दिनांक 29.9.21 मे समय 3 बजे निविदाकर्ता के समक्ष खोली जावेगी। सामग्री एवं निविदा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सूचना पटल पर अवलोकन की जा सकती है।

**यहुवेन्द्र कोरी**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत जबलपुर**

# महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पाद अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी छाप छोड़ेंगे

**भोपाल।** महिला स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) के उत्पाद आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी छाप छोड़ेंगे। मध्य प्रदेश राज्य आजीविका मिशन अंतरराष्ट्रीय बाजार में समूहों के उत्पाद और फसलों को उतारने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों से समझौता करने जा रहा है। इससे न सिर्फ समूहों का कारोबार बढ़ेगा। बल्कि मुनाफा बढ़ने से समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। मिशन ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूह तेल, आटा, बेसन, दालें, नमकीन, बिस्किट, घी, मावा, मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थ, गारमेंट, खिलौने, सजावटी सामान और मेडिकल उत्पाद तैयार कर रहे हैं। वे दूध, सब्जी और मौसमी फलों का भी उत्पादन कर रहे हैं, पर उन्हें मेहनत और प्रयासों के मुताबिक लाभ नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि समूह की महिलाओं की आमदनी में ज्यादा फर्क नहीं आया है। संतुष्टि सिर्फ इतनी है कि उन्हें मजदूरी नहीं करना पड़ रही और उससे कुछ ज्यादा राशि मिल जाती है और सम्मान भी। सरकार इसे काफी नहीं मानती है। इसलिए उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतारने की कोशिश की जा रही है। पिछले दिनों राजधानी में आयोजित समूहों की महापंचायत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी मिशन से कहा है कि समूहों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएं।




### ई-कॉमर्स कंपनियों से समझौता

प्रदेश के कुछ स्व-सहायता समूह वर्तमान में अपने उत्पादों को देशभर में पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ समूहों ने ई-कॉमर्स कंपनियों से समझौता कर लिया है, पर ये प्रयास उनके अपने हैं। उस पर भी सभी उत्पाद नहीं बेच पा रहे हैं। समूहों से जुड़े मैदानी अधिकारियों का मानना है कि यदि समूहों के उत्पादों को बाजार दिलाने के संयुक्त प्रयास हों, तो उनसे जुड़ीं महिलाओं के आर्थिक हालात भी सुधरेंगे और यह प्रयास सरकार के स्तर पर ही संभव हैं।

### कुछ उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचे

शिवपुरी के आनंद मूंगफली तेल उत्पादक समूह पीपलखेड़ा ने परंपरागत तरीके से तैयार मूंगफली तेल को मलेशिया, दुबई और अमेरिका पहुंचा दिया है, तो शहडोल जिले के करीब आधा दर्जन समूह कोदो-कुटकी के बिस्किट, बर्फी और नमकीन को विदेशी बाजार में उतारने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए विदेशों से आयात-निर्यात करने वाली संस्थाओं से बातचीत चल रही है।

प्रदेश में समूह अच्छा काम कर रहे हैं। उनके उत्पाद शुद्ध हैं। देश के बाजार में जहां पहुंचे हैं, वहां से मांग आ रही है। इसलिए अब विदेशी बाजार में उतारने की कोशिश है। हम बहुराष्ट्रीय कंपनियों से संपर्क कर रहे हैं।

**महेंद्र सिंह सिसोदिया, मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**




# 515 रुपये बढ़े एनपीके खाद के दाम, मौजूदा दर पर ही मिलेगी डीएपी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ ने एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) खाद की कीमत में वृद्धि कर दी है। अलग-अलग श्रेणी की खाद में 515 रुपये से लेकर 320 रुपये की वृद्धि प्रति पचास किलोग्राम की बोरी में की गई है। डीएपी की कीमत प्रति बोरी एक हजार 211 रुपये यथावत रहेगी। नई दरें एक अक्टूबर से प्रभावी होगी।राज्य की उवर्रक समन्वय समिति ने फास्फेटिक उर्वरकों की दर तय की है। समिति की बैठक में तय किया गया कि डीएपी के वैकल्पिक उर्वरक के तौर पर एनपीके की उपलब्धता को बढ़ाया जाए। राज्य सहकारी विपणन संघ के महाप्रबंधक एमके पाठक ने जिला विपणन अधिकारियों को रबी सीजन 2021-22 (एक अक्टूबर 2021 से 31 मार्च 2022) के लिए प्रति पचास किलोग्राम के बैग की नई कीमत के आधार पर विक्रय एक अक्टूबर के बाद प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। एनपीके प्रति बोरी अब एक हजार 700 रुपये से लेकर एक हजार 550 रुपये में मिलेगी। अमोनियम फास्फेट सल्फेट की बोरी एक हजार पचास रुपये के स्थान पर एक हजार 225 रुपये में विक्रय की जाएगी। हालांकि, बोवनी के समय सर्वाधिक उपयोग में आने वाली डीएपी की कीमत में वृद्धि नहीं की गई।

### खाद की कीमत में वृद्धि पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है।

पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने और समर्थन मूल्य बढ़ाने की बात करने वाली सरकार खाद की कीमत में वृद्धि करके उत्पादन लागत बढ़ाने का काम कर रही है। कोरोना संकट और महंगाई के कारण किसान पहले से परेशान हैं और राहत की मांग कर रहे हैं। ऐसे में यह मूल्यवृद्धि किसान विरोधी है। उन्होंने इसे वापस लेने की मांग सरकार से की है।

# जेपी समेत शहर के तीन शासकीय अस्पतालों का दौरा करेगी विधानसभा की प्राक्कलन समिति



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति बुधवार को शहर के जेपी अस्पताल, हमीदिया अस्पताल और काटजू अस्पताल का दौरा करेगी। समिति में 12 सदस्य होंगे। इसकी अगुआई विधायक रामपाल सिंह करेंगे। समिति दोपहर 12ः00 बजे के करीब जेपी अस्पताल पहुंचेगी। इस दौरान यहां पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा समिति के सदस्य लेंगे। इसके अलावा वह यह भी सुझाव देंगे कि कौन से कार्यों में मितव्ययिता और कार्यकुशलता से खर्च में कमी की जा सकती है। कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर अस्पताल में की गई तैयारियों के बारे में भी समिति के सदस्य अस्पताल से जानकारी लेंगे। इसके अलावा अस्पताल में मरीजों के बैठने की व्यवस्था, चिकित्सकों के खाली पद और भारत सरकार ओर से संचालित किए जाने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में भी समिति के सदस्य जानकारी लेंगे।इसके बाद विधानसभा प्राक?कलन समिति की यह टीम काटजू अस्पताल जाएगी। यहां पर समिति के सदस्य जल्द ही मरीजों को भर्ती करने की सुविधा शुरू करने की सिफारिश कर सकते हैं। सबसे बाद में यह टीम हमीदिया अस्पताल जाएगी। तीनों अस्पतालों का निरीक्षण करने के बाद समिति के सदस्य रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा अध्यक्ष को सौंपेंगे। इनकी रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल में बिस्तर बढ़ाने से लेकर अन्य तरह की सुविधाओं के विस्तार की सिफारिश वह कर सकते हैं। समिति के दौरे के मद्देनजर तीनों अस्पतालों में पिछले एक हफ्ते से तैयारी चल रही है। जेपी अस्पताल में भी सफाई व्यवस्था अन्य दिनों के मुकाबले बेहतर रहेगी। गौरतलब है कि कायाकल्प पुरस्कारो के लिए भी मंगलवार को जेपी अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने वाली टीम में विदिशा के जिला अस्पताल के दो डॉक्टर भी शामिल थे।

# 90 हजार सरकारी स्कूलों में होगा शाला प्रबंधन समितियों का गठन




**भोपाल।** स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था में बेहतर प्रबंधन और शैक्षिक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रदेश के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं कक्षा पहली से आठवीं तक संचालित संयुक्त माध्यमिक स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों का गठन 22 सितंबर को किया जाएगा। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी किए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों का गठन किया जाता है। ये समितियां बच्चों के शाला नामांकन, नियमित उपस्थिति, गुणवत्तायुक्त शिक्षा और अधोसंरचना कार्यो के साथ बच्चों के बहुआयामी विकास में महत्वपूर्ण भमिका निभाती हैं। प्रदेश में लगभग 90 हज़ार प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में गठित होने वाली समितियों का कार्यकाल आगामी दो शैक्षणिक सत्रों के लिए निर्धारित होगा।

शाला प्रबंधन समितियों के 18 सदस्यों में शाला में अध्ययनरत बच्चों के पालक, शाला के प्रधान शिक्षक, वरिष्ठतम महिला शिक्षिका और स्थानीय वार्ड के पंच/पार्षद या स्थानीय निकाय के सरपंच/अध्यक्ष/महापौर द्वारा नामित अन्य वार्ड की एक महिला पंच/पार्षद के रुप में निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं। इन समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन विद्यार्थियों के अभिभावकों में से किया जाता है। वहीं शाला के प्रधान शिक्षक समिति के सदस्य सचिव होते हैं। शासन द्वारा शाला के स्थानीय प्रबंधन के अधिकार भी इन समितियों को सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं कक्षा 1 से 8 की संयुक्त माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों से 22 सितंबर को स्कूल पहुंचकर, शाला प्रबंधन समिति से जुड़ने और शालाओं के विकास कार्यों में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है।

# जंबो उड़ानों के लिए तैयार राजा भोज एयरपोर्ट, तीसरे एयरोब्रिज का निर्माण पूरा

**भोपाल।** राजधानी का राजा भोज एयरपोर्ट ड्रीमलाइनर और जंबो बोइंग विमानों की उड़ान के लिए तैयार है। एयरपोर्ट अथारिटी ने तीसरे एयरोब्रिज का काम पूरा कर लिया है। इस ब्रिज से एयरबस एवं साधारण बोइंग विमान के साथ ही जंबो जेट विमान भी अटैच हो सकेंगे। यात्री वातानुकूलित एवं कवर्ड मार्ग से होकर सीधे विमान के अंदर तक पहुंच सकेंगे।तीसरे एयरोब्रिज का काम तीन साल पहले शुरू हुआ था, लेकिन कोरोना संकट के कारण काम पूरा होने में विलंब हुआ। अब यह ब्रिज पूरी तरह बनकर तैयार है। एयरपोर्ट डायरेक्टर केएल अग्रवाल ने बताया कि ब्रिज का काम चीन की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी शेनजेन सिम्क टियांडा एयरपोर्ट सपोर्ट लिमिटेड ने किया है। सहायक उपकरण इटली से मंगाए गए हैं। आधुनिक उपकरणों की मदद से बने ब्रिज का आकार बड़े विमानों के अनुसार रखा गया है। इसका ढांचा इस तरह बनाया गया है कि भविष्य में यदि भोपाल से जंबो जेट यात्री विमान एवं ड्रीमलाइनर विमान शुरू होते हैं तो उन्हें भी आसानी से इस ब्रिज से अटैच किया जा सकता है।यात्रियों को होगा सुखद अहसास ः एयरोब्रिज तक पहुंचने के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ने एसी ट्रैक (वातानुकूलित मार्ग) का निर्माण कराया है। बोर्डिंग पास वाले यात्री सुरक्षा जांच के बाद पहले सिक्युरिटी होल्ड एरिया में विमान आने का इंतजार करेंगे। आगमन उड़ान खाली होते ही यात्री एसी ट्रैक से सीधे विमान के अंदर तक पहुंच सकेंगे। इस व्यवस्था से यात्रियों को सुविधा के साथ सुरक्षा का अहसास भी होगा। एसी ट्रैक चारों तरफ से कवर्ड है।पता भी नहीं चलेगा बाहर बारिश हो रही है ः यात्रियों को एसी, कवर्ड ट्रैक पर प्रवेश करते समय यह पता भी नहीं चलेगा कि बाहर बारिश हो रही है या धूप निकली हुई है। सर्दी में भी यात्रियों को निर्धारित तापमान ही मिलेगा। एसी ट्रैक को अंतरराष्ट्रीय मापदंड के अनुसार बनाया गया है। यदि भविष्य में इंटरनेशनल उड़ानें शुरू होती हैं तो भी इसका उपयोग किया जा सकता है। राजा भोज एयरपोर्ट पर पहले से ही दो एयरोब्रिज हैं, लेकिन तीसरा ब्रिज आधुनिक और पहले से अधिक सुविधाजनक है। इसका लोकार्पण अक्टूबर के पहले सप्ताह में करने का प्रस्ताव है। चौथे ब्रिज का काम भी शुरू हो गया है, इसका काम अगले डेढ़ साल तक पूरा होने की संभावना है। तीसरे एयरोब्रिज को भविष्य के हिसाब से डिजाइन किया गया है। बड़े विमान शुरू हुए तो भी इससे अटैच किया जा सकेगा। यात्री सुविधाओं की दृष्टि से यह बड़ी उपलब्धि है। यह वास्तव में इंटरनेशनल स्तर की सुविधा है।

**-केएल अग्रवाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर**

# बहुमंजिला इमारतों में सीवेज ट्रीटमेंट नहीं तो भूजल उपयोग की रहेगी मनाही

**भोपाल ।** भूजल संसाधनों के संरक्षण के लिए केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत भूजल उपयोग के लिए अनुमति लेनी होगी। जिला कलेक्टरों को इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त करने से छूट सिर्फ घरेलू उपयोग और कृषि कार्य के लिए होगी। एनओसी नहीं लेने और एनओसी की शर्तों के उल्लंघन पर अलग-अलग रूप में पांच हजार से लेकर कम से कम दो लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रविधान किया गया है।शहरी क्षेत्रों में हाउसिंग सोसायटियों और सरकारी जलापूर्ति एजेंसियों को एनओसी के लिए सीवेज परिशोधन (ट्रीटमेंट) संयंत्रों की स्थापना करनी होगी। इसके अभाव में एनओसी नहीं मिलेगी। परिशोधन जल का उपयोग शौचालय, कार धोने, बागवानी आदि के लिए किया जाएगा।राजपत्र में प्रकाशित नियमों के अनुसार, यह नियम हाउसिंग सोसायटी, बहुमंजिला इमारतों, व्यावसायिक भवनों, उद्योगों सभी के लिए रहेगा। व्यक्तिगत उपयोग वाले ट्यूबवेल और कृषि कार्य में उपयोग के लिए इस एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। हैंडपंप या कुओं के नए खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता होगी। अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी उपयोगकर्ताओं को डिजिटल वाटर फ्लो मीटर स्थापित करना होगा। इससे जल के दोहन की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी।



### इन्हें रहेगी छूट

जिला कलेक्टर इसकी निगरानी करेंगें। पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ता। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाएं।ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सशस्त्र बलों के प्रतिष्ठान और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल।

- कृषि कार्य।
- छोटे उद्योग।

यह भी रहेंगी शर्तें

- अनापत्ति प्रमाण पत्र पांच वर्ष के लिए होगी। अगले प्रमाण पत्र के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की समाप्ति के 90 दिन पहले नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा।नए बड़े ऐसे उद्योग, जिनमें पानी अधिक लगता है, उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र देते समय क्षेत्र में पानी की उपलब्धता का ध्यान रखा जाएगा। सभी मौजूदा खनन और नई खनन परियोजनाओं को भूजल निकासी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

हाउसिंग सोयाटियों को पेय और घरेलू उपयोग के लिए इतना शुल्क

भूजल की मात्रा (घनमीटर प्रतिमाह) --- प्रभार की दर (रुपये प्रतिघनमीटर) । एनओसी के लिए //htttp://cgwa-noc.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक पीके जैन ने कहा कि लोग आवेदन करें ताकि भविष्य में दिक्कत न हो। एनओसी लेना अनिवार्य है।

# न्यू मार्केट एवं रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर में शॉपिंग काम्पलेक्स का लोकार्पण

**भोपाल।** राजधानी के न्यू मार्केट में बने 45 चबूतरा शॉपिंग काम्पलेक्स एवं रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर शॉपिंग काम्प्लेक्स का लोकार्पण आज किया जाएगा। ये लोकार्पण नगरीय आवास एवं विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। नगरीय विकास मंत्री दोपहर तीन बजे न्यू मार्केट में, वहीं चार बजे रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित कार्यक्रम में इनका लोकार्पण करेंगे।बता दें कि नगर निगम अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए निगम अपनी खाली जमीनों पर व्यावसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण कर दुकानें बना रहा है। इन दुकानों की बिक्री से निगम को करोड़ो रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इसी के तहत निगम की हाउसिंग फार आल शाखा ने कोकता में व्यावसायिक काम्प्लेक्स निर्माण के लिए तीन माह पहले निविदाएं बुलाई थी। निगम ने इन कामों को पूर्ण करने के लिए एक वर्ष का समय रखा है। इसी के तहत न?यू मार्केट में 45 चबूतरा तोड़कर व?यावसायिक कॉम्?पलेक?स का निर्माण नगर निगम ने किया है, जिसमें 85 दुकानें हैं। इसके अलावा यहां 36 चबूतरा स्थित दुकानों को तोड़कर वहां तीन मंजिला कॉम्?पलेक?स में कुल 63 दुकानें बनाने की भी योजना है। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर 23 दुकानें होंगी, जबकि दूसरी व तीसरी मंजिल पर 20-20 दुकानें बनाई जाएंगी। इसमें एक करोड़ 70 लाख रुपये खर्च होंगे। दोनों कॉम्पलेक्स की लागत साढ़े करोड़ रुपये आएगी। अगले तीन महीने में प्रोजेक्ट पूरा करने का दावा है। नगर निगम की सिविल शाखा कार्य करवा रही है। दुकानदारों को भी अन्य जगह शिफ्ट किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पहले यहां पर टीन के चबूतरे आवंटित किए गए थे। उनकी जगह पक्की दुकानें बनाकर दी जाएगी। मौजूदा दुकानदारों को ही ग्राउंड फ्लोर की दुकानें आवंटित की जाएंगी।

# भोपाल, इंदौर सहित सभी शहरों में एक अक्टूबर से सुधरेंगी सड़कें

**भोपाल।** बारिश की वजह से खराब हुई भोपाल, इंदौर सहित अन्य शहरों की सड़कों को एक अक्टूबर से सुधारना शुरू किया जाएगा। जो सड़क गारंटी पीरियड में है, उसकी मरम्मत ठेकेदार से कराई जाएगी। भोपाल में 288 मार्गों पर मरम्मत का काम हेगा। इसमें 70 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मंत्रालय में मंगलवार को सड़कों की मरम्मत के काम को लेकर बैठक की। इसमें उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।बैठक में भोपाल शहर की सड़कों की मरम्मत करने को लेकर विशेष तौर पर चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि खराब सड़कों की मरम्मत की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। 288 मार्गों की मरम्मत कराई जाएगी। विभागीय मंत्री ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार सितंबर के बाकी दिनों में भी बारिश की संभावना है इसलिए एक अक्टूबर से सड़कों को सुधारने का काम कराया जाए। यह काम समय सीमा में पूरा होना चाहिए। अक्टूबर में शहरों की सड़कें फिर वैसी ही होनी चाहिए, जैसी पहले थी। इस दौरान भोपाल नगर निगम के आयुक्त केवीएस चौधरी ने बताया कि मरम्मत योग्य मार्गों की कार्ययोजना बना ली है।



### किसी एजेंसी के पास कितनी लंबाई की हैं सड़क

लोक निर्माण विभाग- 445 किलोमीटर
नगर निगम- 3,879 किलोमीटर
भोपाल विकास प्राधिकरण-150 किलोमीटर
राजधानी परियोजना प्रशासन- 92 किलोमीटर

### अब नहीं बने अवैध कॉलोनी

बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कि अब शहर में कोई भी अवैध कालोनी नहीं बने। कोई यदि अवैध कालोनी का निर्माण करता है तो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जाए। अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करने की कार्यवाही कार्ययोजना बनाकर की जाए। अवैध निर्माण को शमन शुल्क लेकर वैध करने की कार्रवाई की जाए। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास के प्रमुख सचिव मनीष सिंह, स्मार्ट सिटी के सीइओ अंकित अस्थाना सहित नगर निगम और राजधानी परियोजना प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेश विसर्जन में एकित्रत फूलों से जैविक खाद बनाएगा नगर निगम



भोपाल। गणेशोत्सव समाप्त हो गया है। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है। अब नगर निगम द्वारा विसर्जन कुंडों और घाटों की साफ-सफाई का काम जारी है। इसी बीच यह बात भी सामने आई है कि भोपाल नगर निगम गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान एकित्रत हुए करीब 80 टन फूलों से जैविक खाद बनाएगा। इस खाद का उपयोग निगम के पार्कों में किया जाएगा। विसर्जन के दौरान एकित्रत हुए फूल, बेल-पत्र सहित अन्य सामाग्री को कैप्सूल में भरकर आदमपुर छावनी तक पहुंचा दिया गया है, जहां जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।बता दें कि भोपाल में नगर निगम ने 15 स्थानों पर गणेश प्रतिमा एकित्रत करने का स्टाल लगाया था। यहां से बड़ी मात्रा में फूल और बेल-पत्र, हार सहित अन्य सामाग्री एकित्रत हुई है। इस गीली पूजन सामग्री से नवाचार करते हुए जैविक खाद बनाई जा रही है। नगर निगम के अपर आयुक्त एमपी सिंह ने बताया कि निगम के करीब 157 पार्क है। वहीं नए पार्क भी विकसित किए जा रहे है। स्वच्छता में अच्छी रैंक पाने के लिए निगम यह नवाचार कर रहा है। धार्मिक आस्था को देखते हुए फूलों से खाद बनाने का निर्णय लिया गया है। इधर, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने सभी विसर्जन स्थलों से पानी के सैंपल ले लिए है। इन सेंपलों की जांच के बाद दूषित हुए पानी का स्तर जांचा जाएगा और रिपोर्ट जारी की जाएगी।

### यहां लगे थे प्रतिमा एकत्रित करने के लिए स्टाल

लालघाटी चौराहा, गांधी नगर, करोंद चौराहा, कर्फ्यू वाली माता मंदिर, नादरा बस स्टैंड, दुर्गा पेट्रोल पंप, पांच नंबर बस स?टॉप, शाहपुरा तालाब, सर्वधर्म, आशिमा माल, अवधपुरी, आनंद नगर, मीनाल चौराहा, आयोध्या नगर, प्रभात चौराहा व यातायात पार्क के सामने से प्रतिमाओं को एकत्रित किया गया था। इसके अलावा बावड़ियाकलां जोन क्रमांक 13 में भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं।

# हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति की मिट्टी की खुशबू आती है

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पमरे के राजभाषा पखवाड़े का समापन

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय द्वारा 3 से 14. सितंबर. तक आयोजित राजभाषा पखवा? का समापन समारोह अपर महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी के मुख्य आतिथ्य में सतपु?ा रेलवे क्लब, जबलपुर में उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया।






हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते अपने उद्बोधन में अपर महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने कहा कि हिंदी दिवस हम भारतवासियों के लिए एक विशेष दिवस है। जैसा कि हम सभी के जीवन में माँ का विशेष स्थान होता है, उसी तरह मातृभाषा हमारे जीवन निर्माण में विशेष महत्व रखती है। उन्होंने आधुनिक हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र के कथन मातृभाषा कि उन्नति के बिना किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं है। का उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति की मिट्टी की खुशबू आती है। हिंदी भाषा का विकास भारत की सभी क्षेत्रीय भाषाओं के साथ हुआ है। हम इसके विकास में अन्य भाषा-भाषी साहित्यकारों जैसे सुब्रह्मण्यम स्वामी, रवीन्द्रनाथ टैगोर, अमृता प्रीतम आदि के योगदान को भुला नहीं सकते। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक ने भी अपने हिंदी दिवस संदेश में हम सभी से सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने को कहा है। आपने यह भी बताया कि हिंदी के प्रति महाप्रबंधक के सराहनीय प्रयासों के लिए रेलवे बोर्ड ने उन्हें कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगे भी हम अपने कामकाज इसी तरह करते रहेंगे और पुरस्कार प्राप्त करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी रविशंकर सक्सेना ने हिंदी दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में आधुनिक हिंदी और रेल की शुरूआत लगभग एक साथ होने की ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस उप महाद्वीप में 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे के बीच ग्रेट इंडियन पेनिनसुलर रेलवे नाम से पहली रेल प्रारंभ की गई थी।

उस समय ब्रिटिश प्रशासन ने भी रेलवे समय सारणी और टिकटों आदि में अंग्रेजी के साथ देवनागरी लिपि का प्रयोग किया था। आज पूरे भारत में जहाँ तक रेल गई है, वहाँ तक हिंदी भी पंहुची है। उन्होंने आगे कहा कि देश की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता में रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने संवैधानिक व्यवस्थाओं और ग्राहक संतुष्टि एवं सुविधाओं की दृष्टि से भी हिंदी का प्रयोग आवश्यक बताया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए अपना अधिकाधिक सरकारी काम-काज हिंदी में करने का आग्रह किया। समारोह का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति रही। इसमें सांस्कृतिक अकादमी के कलाकार श्रीमती दीपा सिंह, श्री रिजवान, संजीव कुमार सिन्हा एवं विनोद कुमार ने अपनी सुमधुर आवाज से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर वर्ष भर में हिंदी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मुख्यालय के 07 अधिकारियों व 39 कर्मचारियों, पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल 20 कर्मचारियों को अपर महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी द्वारा राजभाषा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी, राज रंजन श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, राहुल श्रीवास्तव ने किया।

## बरगी में उज्ज्वला 2.0 का शुभारंभ





**बरगी।** आज ग्राम बरगी के हर्षित भारत गैस एजेंसी के तत्वाधान में उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत महिलाओं को पुनः मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किये गए इस अवसर पर संतोष मिश्रा , गोकुल प्रसाद पांडेय , संतोष सिंह परिहार , मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह , मिलन सोनी, संजय जैन बल्ला लता शर्मा, उमेश मिश्रा ,ऋषि पांडेय, शीतल गिरी अनंत प्रजापति, दिनेश राजपूत, पवन सैनी, आदि की विशेष उपस्थिति में महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किये गए इस अवसर पर संतोष सिंह परिहार ने बताया कि यह पूरा सप्ताह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर अम्रत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे लोगो को गैस, बिजली, पानी व अन्य संसाधन 2024 को तक लोगो को पहचाने का लछ्य है , कार्यक्रम का संचालन हर्षित भारत गैस की श्रीमती मंजू चौकसे संतोष चौकसै द्वारा किया गया ।

## पोषण वाटिका का लोकार्पण किया गया



**आमाहिनौता।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ग्राम आमाहिनौता में आंगनबा?ी केंद्र क्र. 03 में पोषण वाटिका का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित कर पोषण माह कार्यक्रम किया गया।जिसमें महिला बाल विकास की सुपरवाइजर श्रीमती सोनम सोनी जी, सरपंच श्री जगदीश पटेल जी, सहायक सचिव अनिल पटेल, आँ. बा. कार्यकर्ता मोहनिशा लोधी, सचिन पटेल, सुनील पटेल, आनन्द लोधी, अंकित साहू, विनय पटेल, वंदना पटेल इत्यादि लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में आदरणीय सरपंच जी और सुपरवाइजर मेडम द्वारा छात्रवृत्ति और प्रधानमंत्री मात्त वंदना योजना के प्रमाणपत्र का वितरण किये गए।

## आंगनवाड़ी भवन का किया गया लोकार्पण



कुंडम। महिला बाल विकास खंड कुंडम के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लखन वारा में नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण सिहोरा विधायक नंदनी मरावी एवं जनप्रतिनिधि कमलेश साहू कुंडम मंडल अध्यक्ष राजेश साहू महेंद्र बड़करें प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रमिला संतोष यादव शकुंतला संजुला विक्टर भावना शर्मा रीना प्रजापति सरिता चौहान सरपंच चंद्रशेखर झारिया सचिव कमल सिंह मरावी सहायक सचिव नंदकिशोर झारिया उपसरपंच राजू लाल झारिया पंच नरेंद्र कुमार झारिया बलराम झारिया गोपाल सिंह एवं लखनवारा ग्राम के लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## विवेक तन्खा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



कुंडम.माननीय राज्य सभा सांसद विवेक तंखा जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से यूथ कांग्रेस ने मनाया गया मरीजों को बांटे गए फल कुंडम आज दिनांक 21/09/2021 को आदरणीय सांसद राज्यसभा विवेक तंखा जी का जन्मदिन यूथ कांग्रेस कुंडम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीमार मरीजों की कुशलता की कामना करते हुए फल वितरण किए गए जिसमें खिलाड़ी सिंह आर्मो विपिन जायसवाल सुशील राय प्रहलाद झारिया हल्के पाठकार राहुल कछवाहा शरद कछवाहा रिंकू साहू रवि ठाकुर दिनेश सोनी मोहित सोनी कमलेश झारिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## किसान काग्रेंस ने विभिन्न मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

सिहोरा । जिला किसान काग्रेंस ने विभिन्न मांगो को लेकर जिला सचिव मुकेश पाटकर के संयोजन में सिहोरा एसडीएम को ज्ञापन सौपा जिसमें कहा गया है की यूरिया डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने,डीजल पेट्रोल,रसोई गैस की मूल्यवृद्धि पर रोक लगाने रेल मासिक टिकट पुनः पूर्वत प्रारम्भ करने, किसानों की एक से अधिक कनेक्शन पर सब्सिडी समाप्त न करने,सिहोरा लीड सोसायटी में धान खरीदी केंद्र पुनः शुरू करने सहित अनेक मांगे शामिल थी । इस अवसर पर प्रवीण पाठक,राजेश चौबे , बिहारी पटेल,राजेश पटेल, प्रकाश कुररिया, अमोल चौरसिया, जितेन्द्र श्रीवास्तव, पवन सोनी,राजीव दिक्षित,संदीप ब्यौहार, मोहन मिश्रा, प्रदीप पटेल ,गणेश दाहिया,मंसूर मंसूरी,सोनू त्रिपाठी,साकेत पिडिहा, राहुल श्रीवास्तव, विरेन्द्र पटेल,कौशल दाहिया,विनीत श्रीवास्तव,लाल बहादुर पाठक,अज्जू भाईजान, यूसूफ खान,शेख साबिर,दिलीप जैन,गौस भाई आजाद, शंकर वंशकार,ममता गौटिया आदि उपस्थित थे।

## प्रेमनारायण तिवारी महामंत्री नियुक्त



सिहोरा- मप्र शिक्षक कांग्रेस के संरक्षक राम नरेश त्रिपाठी, प्रांताध्यक्ष निर्मल अग्रवाल कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एन डी वैष्णव ,निर्वाचन अधिकारी एवं प्रांतीय महामंत्री कमलेश त्रिपाठी की उपस्थिति मैं आज मप्र शिक्षक काँग्रेस के प्रांताध्यक्ष के पद पर सुभाष सक्सेना को नियुक्त किया गया साथ ही कार्यकारी प्रांताध्यक्ष के पद पर नवनीत चतुर्वेदी एवं प्रमुख महामंत्री के पद पर प्रेमनारायण तिवारी को नियुक्त किया गया। उक्त नियुक्तियों पर संगठन के संस्थापक संरक्षक रामेश्वर नीखरा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# विकास की अर्थी बन कंधो पर चला मरीज

***विकास की बुलंद ईमारतों का आईना आदिवासी अंचल का खाल्हे धबई गांव जहां सडक के आभाव मे ग्रामीण कीच? युक्त स?कों पर आवाजाही कर रहे है। किसी के बीमार होने पर खाट मे मरीज को लिटा चार किमी. पैदल चल पक्की सडक जाते है। इतना ही नही 100, 108 सहित आपातकालीन सेवा के वाहन नही पहुंचते तभी तो ग्राम धबई मे विकास की अर्थी बन कंधों पर मरीज चल रहा है।***



**अनूपपुर।** जिले के पुष्पराजगढतहसील मे ग्राम पंचायत अमदरी का राजस्व ग्राम धबई 2 मोहल्ले मे बसा हुआ है। ज्ञात हो कि दोनों मोहल्ले की दूरी 4 किमी. है जिनका नाम टिकरा धबई व खाल्हे धबई के रुप मे जाना जाता है। टिकरा धबई तक पहुंच मार्ग बना हुआ है तो वहीं खाल्हे धबई राजस्व ग्राम नही होने की वजह से मुख्य मार्गो से नही जु?ा है। यहां के लोग 4 किमी पैदल चलकर मुख्य स?क तक पहुंचते है। बीते दिनांक विकास की पोल व बेबसी को दर्शाती तस्वीर सामने आई। जिसमे खाल्हे धबई ग्राम की बीमार महिला को खाट मे लिटाकर परिजन कंधों मे रख कीच? युक्त स?को पर चल बहते नालों को पार कर मुख्य स?क तक पहुंचते है और 108 के आभाव मे ऑटो के माध्यम से बीमार को उपस्वास्थ केन्द्र बेनीबारी मे भर्ती कराते है।

ऐसे चला घटना क्रम

अमदरी ग्राम पंचायत के खाल्हे धबई ग्राम मे बीते दिनांक 11.09.2021 को चम्पी बाई पति रुप सिंह की तबियत अचानक ज्यादा खराब हो गई तब परिजनों ने पंचायत की सरपंच उर्मिला मार्को को उक्त घटना की सूचना देते हुये आपातकाल के वाहन 108 बुलाने का निवेदन किया तब सरपंच के पति राम मिलन सिंह ने तत्काल 108 पर फोन लगाया उधर से लोकेसन पूछें जाने पर अमदरी पंचायत धबई ग्राम के खाल्हे धबई मोहल्ला होना बताया तब आपातकालीन सेवा 108 से बात कर रहे भोपाल कंट्रोल रुम से कहा गया कि आपके द्वारा दी गई लोकेसन तक 108 वाहन नही पहुंचाया जा सकता। विवसता और बेबसी के आंसू रोता पी?ित का परिवार बीमार महिला को खाट मे ही लिटा कर कंधों पर रख पैदल चलता हुआ पक्की स?क की ओर निकल प?ा। यह दूरी 4 किमी. के आस पास है यहां मुख्य स?क मे ऑटो पर बिठा मरीज को बेनीबारी उपस्वास्थ केन्द्र ले जाया गया।

### प्रस्ताव, शिकायत पत्र अब तक बेअसर

जनपद पंचायत पुष्पराजग? की पंचायत अमदरी अंतर्गत उक्त ग्राम आता है। ऐसा नही कि ग्राम पंचायत य यहां के रहवासियों ने मार्ग निर्माण और हो रही परेशानी से शासन प्रशासन को अवगत नही कराया। दिनांक 06.10.2019 को पंचायत से परित प्रस्ताव जनपद व शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद को दिया गया तो वहीं दिनांक 21.11.2020 को ग्राम पंचायत अमदरी द्वारा सांसद विधायक को पत्र लिखा गया वहीं एक बार पुनः 15.08.2019 को सरपंच उर्मिला मार्को की अध्यक्षता मे पंचायत ने सर्वसम्मति से मार्ग निर्माण का प्रस्ताव परित कर जनपद पंचायत को दिया। अनूपपुर कलेक्टर को भी दिनांक 05.11.2019 को ज्ञापन ग्रामीणों द्वारा सौंपा गया इतना ही नही पूर्व मे दिनांक 05.10.2014 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुष्पराजग? आगमन पर तात्कालीन सरपंच राम मिलन सिंह मार्को के नेतृत्व मे ज्ञापन सौपकर स?क निर्माण की बात कही गई।

### नियमों के फेरे मे नही बनी स?क

उक्त जनपद मे 119 ग्राम पंचायतें है, यहां बस्तियां दूर -दूर बने घरों के समूहों मे है। अधिकांश ग्राम पंचायतों का क्षेत्रफल कई किमी. तक फैला हुआ है। ठीक इसी क्रम मे अमदरी ग्राम पंचायत के धबई ग्राम भी दो मोहल्लों मे बंटा है जिनके नाम खाल्हे धबई व टिकरा धबई है। धबई ग्राम को राजस्व ग्राम माना जाता है जबकि खाल्हे व टिकरा धबई को मोहल्ला रिकार्डो मे करार दिया गया है जबकि आपस मे इनकी दूरी 4 किमी. है। यही वजह है कि विकास धबई ग्राम तक कर रिकार्ड तो दुरुस्त कर लिया जाता है किन्तु अमदरी ग्राम पंचायत की 742 आबादी जिसमे 370 पुरुष, 372 महिला व 259 अवयस्क बच्चे है, विकास की बयार से अछूता ही बना हुआ है। ऐसा नही कि यह कच्ची स?क कभी बनी ही नही ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2003-04 मे काम के बदले आनाज योंजना के तहत आरईएस विभाग ने एक बार कच्ची स?क बनाई थी, जो आज भी पक्की होने की राह जोह रही है।

## गांव से चार किलोमीटर दूर पक्की सडक, खाल्हे, धबई ग्राम मे नही है पहुच

### इनका कहना है

यह गांव पहा? के दोनों ओर बसा हुआ है, जिसकी दूरी लगभग 4 किमी है मेरे संज्ञान मे यह बात आई है जल्द ही स?क निर्माण के लिये उच्च अधिकारी से चर्चा कर निर्माण कराया जायेगा।

**अभिषेक चौधरी**
**अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजग?**

ब? ही खेद का विषय है बीजेपी सरकार की वजह से कांग्रेस विधायकों के क्षेत्रों के विकास पर ध्यान नही दिया जाता। यह घटना बेहद ही दुखित करने वाली है। मैं एक बार पुनः सीएम से स?क निर्माण के लिये बात करुंगा।

**फुन्देलाल सिंह मार्को**
**विधायक विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजग?**

यह बहुत ही पी?ादायी विषय है मुझे 15 अगस्त की पंचायत आमसभा का प्रस्ताव मिला है। हमारे द्वारा स?क निर्माण कराने की कार्यवाही की जा रही है।

**देवेन्द्र सोनी**
**सीईओ जनपद पंचायत पुष्पराजग?**

मैने पूर्व मे ही पीएमजीएसवाई के जीएम से बात कर ली है, इनके द्वारा उक्त 4 किमी. पक्की स?क मार्च -अप्रैल तक बनाये जाने की बात कही गई है। यह घटना ह्दय विदारक पी?ा दे रही है।

**हीरा सिंह श्याम**
**जनपद अध्यक्ष पुष्पराजग?**

## श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को राष्ट्रीय पोषण आहार किट वितरण किया गया

**धनपुरी** दिनॉक-21.09.2021 को नगर पालिका धनपुरी सभागार में राष्ट्रीय पोषण आहार के तहत् क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह विधायक विधानसभा क्षेत्र जैतपुर के मुख्य आतिथ्य में एवं विशिष्ट अतिथि हेमंत सोनी, मण्डल अध्यक्ष भाजपा, एवं रविकरण त्रिपाठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका धनपुरी के आतिथ्य में पोषण किट जिसमें गुड, मूंग, मोड़, चना, मूंगफली, मसूर, सोयाबीन बड़ी, आयोडीन नमक, आई0एफ0ए0 की गोली का किट तैयार कर एवं पोषण अधिकार पत्र का वितरण 16 गर्भवती महिलाएं एवं 14 बच्चों को वितरण किया गया । उक्त अवसर पर मोटे अनाज की स्थानीय व्यंजन प्रदर्शनी, जिसमें मक्का, चावल, गेंहू, विभागीय टेक होम राशन से बनी व्यंजन प्रदर्शनी, पोषण गीतों का मंचन, आदि किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा सिंह विधायक द्वारा शासन द्वारा आंगनबाडियों के लिये चलाई जा रही राष्ट्रीय पोषण आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया एवं गर्भवती महिलाएं व छोटे छोटे आंगनबाड़ी के बच्चे को स्वास्थ्य से संबंधित सुझाव व समझाईस दी गई । कार्यक्रम के संचालक रविकरण त्रिपाठी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका धनपुरी द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में अरविंद सिंह, गुड्डू जायसवाल, सरिता शर्मा, पिन्टू पाल, अजय शर्मा, अनिल यादव, बरातू लोधी, परियोजना अधिकारी सुश्री नाज खान, मोनिका विश्वकर्मा सुपरवाईजर एवं वार्ड क्र0-1 से 10 के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, नगर पालिका कर्मचारीगणों की उपस्थिति रहीं । म0प्र0 नगरीय विकास एवं अवास विभाग भोपाल द्वारा नगर पालिका धनपुरी को दैनिक कार्यों के लिये जे0सी0बी0 क्रय हेतु 25.00 लाख अनुदान प्रदाय किया गया हैं शेष नगर पालिका निधि से राशि व्यय कर जे0सी0बी0 मशीन क्रय की गई जिसको माननीया श्रीमती मनीषा सिंह जी विधायक विधानसभा जैतपुर द्वारा जे0सी0बी0 को हरी झण्डी दिखाकर दैनिक कार्य हेतु रवाना किया गया ।

# एसडीएम पांडे ने किया सिहोरा सिविल अस्पताल के निरीक्षण

## डॉक्टर्स के कार्यों का किया विभाजन

**सिहोरा।** मंगलवार को सिहोरा एसडीएम आशीष पांडे ने सिविल अस्पताल सिहोरा का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कोविड-19 प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के लिए डॉक्टरों को समझाइश दी साथ ही कोरोना वायरस की तीसरी लहर को देखते हुए सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों को उनके कार्यों का विभाजन भी किया इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। एसडीएम आशीष पांडे ने बताया कि सिविल अस्पताल को लेकर पहले भी कई बार सूचनाएं प्राप्त हुई इन सूचनाओं के माध्यम से सिविल अस्पताल का निरीक्षण करना अनिवार्य था साथ ही विश्व भर में कोरोना वायरस महामारी के चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे दृष्टिगत रखते हुए सुविधाओं का जायजा लेते हुए डॉक्टरों को समय पर काम करने एवं मरीजों का इलाज ठीक तरीके से करने के भी निर्देश दिए हैं।

### अस्पताल के उपकरणों की स्थिति को देखा

कोरोना वायरस बीमारी के बाद सिविल अस्पताल सिहोरा को शासन एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा प्रदत्त की गई मशीनें एवं उपकरणों को भी एसडीएम ने अपने निरीक्षण के दौरान देखा एवं उनके रखरखाव के लिए अस्पताल प्रबंधन समिति के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए साथ ही उन्होंने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को भी देखा जहां गर्भवती माताओं का ऑपरेशन किया जाता है इसके अलावा अस्पताल में नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण कर कमियों को दूर कर लोकार्पण हेतु तैयार करने के निर्देश दिए । सिविल अस्पताल में मौजूद डॉक्टर्स को समय-समय पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में समस्याओं को लेकर अवगत कराने के भी निर्देश एसडीएम सिहोरा ने दिए हैं।

## आकाष गुप्ता चार्टड एकाउन्टेन्ट बने



**षहडोल।** नगर के प्रतिश्ठित व्यवसायी गंज सब्जी मण्डी में स्थित आषीश वस्तालय के संचालक श्री राकेष कुमार गुप्ता एवं अवध रानी के सुपुत्र आकाष ने चार्टड एकाउन्टेन्ट की परीक्षा उतीर्ण कर ली है मेधावी छात्र आकाष गुप्ता बचपन से ही पढाई में हमेषा अव्वल आते रहें है एवं चार्टड एकाउन्ट की षिक्षा इंदौर से प्राप्त की है उनकी इस सफलता में पिता श्री राकेष कुमार गुप्ता माता श्रीमती अवधरानी गुप्ता व बड़े भाई आषीश गुप्ता ब?ी बहन राखी एवं नानाजी श्री गजाधर प्रसाद गुप्ता व मामाजी श्री दीपक गुप्ता का सहयोग भरपूर रहा। आकाष गुप्ता के चार्टड एकाउन्टेन्ट बनने पर गुप्ता समाज एवं अन्य समुदाय के लोगों ने बधाई संदेष दिये एवं उनके परिवार व इश्ट मित्रों ने पटाखे फो?कर खुषी व्यक्त की एवं उनके उज्वल भविश्य की कामना की।

# मिताली राज ने रचा इतिहास

भारतीय महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने इतिहास रच दिया है। वो महिला क्रिकेट में सबसे पहले 20 हजार रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में ये उपलब्धि हासिल की।

। भारत की अनुभवी बल्लेबाज मिताली राज ने मंगलवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में इतिहास रच दिया। वह अपने करियर में 20,000 रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। उन्होंने यह उपलब्धि प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए, टी-20 और अंतरराष्ट्रीय मैचों के तीनों प्रारूपों में रन बनाकर हासिल की है। हालांकि टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में नौ विकेट से करारी शिकस्त मिली।आस्ट्रेलिया ने टास जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारतीय टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए और आठ विकेट पर 225 रन ही बना सकी। आस्ट्रेलिया ने 41 ओवर में एक विकेट पर 227 रन बनाकर जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया की जीत में तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन (4/33) तथा सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली (77 रन), राचेल हेंस (नाबाद 93) और कप्तान मैग लैनिंग (नाबाद 53) की पारियों ने अहम साझेदारी निभाई। ब्राउन को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।भारतीय पारी फिर से कप्तान मिताली राज के इर्द-गिर्द घूमती रही, लेकिन वह फिर से अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना सकीं। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं मिताली ने 107 गेंदों पर 61 रन बनाए। उनके अलावा अपना पहला वनडे खेल रहीं यास्तिका भाटिया (35) और रिचा घोष (नाबाद 32) ही उपयोगी योगदान दे पाई। अगर घोष और अनुभवी झूलन गोस्वामी (20) ने आठवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी नहीं निभाई होती तो भारत 220 रन तक भी नहीं पहुंच पाता। बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए तानिया भाटिया की जगह घोष को टीम में लिया गया। राजस्थान जवाब में आस्ट्रेलिया की दिग्गज बल्लेबाजों के सामने बड़ा लक्ष्य नहीं था। हेंस और हीली ने पहले विकेट के लिए केवल 21.2 ओवर में 126 रन जोड़कर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी थी। लेग स्पिनर पूनम यादव (1/58) ने हीली को मिड आफ पर कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी, लेकिन इससे विशेष असर नहीं पड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज हीली ने आउट होने से पहले अपना 13वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए। हीली और हेंस ने अपनी पारियों के दौरान वनडे में 2000 रन भी पूरे किए। हीली के आउट होने के बाद हेंस और लैनिंग ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली तथा दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने इस बीच अपना 16वां अर्धशतक पूरा किया हेंस और हीली ने सात-सात चौके लगाए। दूसरा वनडे 24 सितंबर को खेला जाएगा।भारतीय महिला टीम की कप्तान मिताली राज ने हार को लेकर कहा, कई बार आपकी योजनाएं काम नहीं करती हैं। हमें अपनी गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करने की जरूरत है। हम मुख्य रूप से अपनी स्पिनरों पर आश्रित हैं, लेकिन जब उनके खिलाफ आसानी से रन बन रहे हैं तो हमें इसमें कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मैं कितने भी रन बना लूं, सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है। मेरे लिए बल्लेबाजी परिस्थितियों के मुताबिक खेलने के बारे में है, स्ट्राइक रेट के बारे में नहीं।






# पंजाब किंग्स की हार पर कोच अनिल कुंबले ने उतारा गुस्सा

नई दिल्ली इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के दूसरे चरण में पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जीत के करीब पहुंच कर टीम को 2 रन की नजदीकी हार का सामना करना पड़ा। जीता हुआ मैच हारने पर टीम के कोच अनिल कुंबले बेहद नाराज हैं। उन्होंने कहा कि यह टीम की आदत बनती जा रही है हमें अब कड़वी दवाई के घूंट को पीना पड़ेगा।पंजाब के कोच कुंबले ने मैच के बाद कहा, यह हमारे लिए एक पैटर्न जैसा बनता सा जा रहा है, खासकर जब कभी भी हम दुबई में खेलने उतरते हैं तो ऐसा दिख ही जाता है। हमारे खेलने का रवैया एक दम से साफ था हमें इस मैच को 19वें ओवर तक हर हाल में खत्म करना था। हमारा पूरा का पूरा प्लान यही थी कि मैच को किसी भी हाल में आखिरी ओवर तक नहीं जाने देना है। लेकिन दुर्भाग्य से जब कभी भी आप मैच को आखिरी कुछ गेंद पर छोड़ देते हैं तो यह किसी लाटरी जैसा ही हो जाता है। यहां पूरा का पूरा श्रेय कार्तिक त्यागी को जाता है जिस तरह से उन्होंने गेंदबाजी की है।पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रायल्स की टीम ने 20 ओवर में 185 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम 4 विकेट पर 183 रन ही बना पाइ। शानदार बल्लेबाजी करते हुए मयंक अग्रवाल और कप्तान केएल राहुल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए सिर्फ 4 रन बनाने थे लेकिन टीम जीत दर्ज करने से चूक गई। कोच कुंबले ने इस तरह से मिली करीबा हार पर नाराजगी जताई।कुंबले बोले, यह तो एकदम से साफ ही थी कि वह आउट साइड वाइड गेंद ही डालने वाले हैं। हुआ यूं कि हमारे बल्लेबाजी किसी तरह से सही विकल्प का चुनाव नहीं कर पाए। हमारे पास अभी पांच मैच और बचे हुए हैं। हमारी टीम यहां मिली हार में उलझ कर नहीं रहना चाहती है लेकिन यह भी निश्चित है कि हमें कड़वी दवा के घूंट को पीना पड़ेगा।



# उर्वशी रौतेला ने पहनी ऐसी ड्रेस, देखकर लोगों को याद आया पक्षीराज

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में हमेशा ही अपने अलग अंदाज के लिए चर्चा बटोरने वाली एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उर्वशी लगभग हर दिन ही सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तसवीरें और वीडियो पोस्ट करती रहती हैं। वहीं फैंस भी एक्ट्रेस के हर लुक को काफी पसंद करते हैं लेकिन कई बार उन्हें अपने लुक की वजह से ट्रोल भी होना पड़ता है। इसी बीच एक बार फिर से अपने लुक को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उर्वशी अपने इस लेटेस्ट लुक की वजह से न सिर्फ सोशल मीडिया पर ट्रोल की जा रही हैं बल्कि लोग उनके इस अनोखे अंदाज को देखकर अपनी हंसी नहीं रोक पा रही हैं।

उर्वशी रौतेला ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने दो लेटेस्ट वीडियो पोस्ट किए हैं। ये उर्वशी के फोटोशूट के दौरान के वीडियो हैं। इसमें आप देख सकते हैं कि उर्वशी वियर्ड स्टाइल की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उर्वशी सिल्वर कलर के शिमरी आउटफिट में नजर आ रही हैं। उनके इस डीप नेक वाली ड्रेस के साथ स्लीव्स की जगह पंख लगे हुए हैं जो काफी वियर्ड नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर जहां यूजर्स को उनका ये स्टाइल पसंद आ रहा है तो वहीं कई कमेंट कर उनका मजाक रहे हैं। कुछ ही घंटों में इस अजीब ड्रेस वाले वीडियो पर 19 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है।आपको बता दें कि इस वीडियो को शेयर करते हुए उर्वशी ने दिलचस्प कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, %क्या आप ऑबसेस्ड रह सकते हैं...%। इस पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, %इसे %रावण की ड्रेस कह



# हीरोज़ से मिलकर बहुत उत्साहित हूं

'नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी एक्टिविटी को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा में रहती हैं। वो अक्सर अपने फोटोज वीडियो शेयर कर फैंस को अपनी लाइफ से जुड़े अपडेट भी शेयर करती रहती हैं। इसी बीच बधुवार को उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया है, जो इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है।इस फोटो में अभिनेत्री इंडियन आर्मी की एक पोस्ट के बाहर दो जवानों के साथ खड़ी दिख रही हैं। जवानों के साथ इस तस्वीर में सारा बेहद खुश नजर आ रही हैं। फोटो में तिरंगा भी लहराता दिख रहा है, जो कश्मीर की दिलकश वादियों में बेहद शानदार लगा रहा है। सारा जवानों के साथ अपनी इस मुलाकात को लेकर बेहद उत्साहित दिख रही हैं।तस्वीर को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर अभिनेत्री ने सेना को देश और नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए धन्यवाद देते हुए कैप्शन लिखा, 'उन हीरोज़ से मिलकर बहुत उत्साहित हूं जो हमे सुरक्षित और संरक्षित महसूस कराते हैं। आप हम लोगों के लिए जो भी करते हैं उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द।'इससे पहले भी सारा अली खान ने अपनी कश्मीर वेकेशन की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर की थी, जिसमें वो अपने दोस्तों के साथ एंजॉय करती नजर आ रही थीं। उनकी इन तस्वीरों को भी फैंस ने बेहद पसंद किया था और ढेर सारे कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज कराई थी।बता अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो फिल्म 'द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा' में अभिनेता विक्की कौशल के साथ अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में सारा अली खान और विक्की कौशल पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। उन्होंने आखिरी बार आनंद एल राय द्वारा निर्देशित रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'अतरंगी रे' में अभिनेता अक्षय कुमार और साउथ के सुपरस्टार धनुष के साथ नजर आईं थीं।

## सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी विद्युत जाम्वाल की फ़िल्म सनक



नई दिल्ली। बॉलीवुड में अपने ज़बरदस्त एक्शन के लिए चर्चा में रहने वाले एक्टर विद्युत जाम्वाल की फ़िल्म सनक- होप अंडर सीज़ ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज़ होगी। इस फ़िल्म का निर्माण विपुल अमृतलाल शाह ने किया है। फ़िल्म की रिलीज़ डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है। फ़िल्म का निर्देशन कनिष्क वर्मा ने किया है। बंगाली अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्रा फीमेल लीड रोल में हैं। रुक्मिणी का यह बॉलीवुड डेब्यू है। विपुल और विद्युत की यह पांचवी फ़िल्म है। विद्युत ने बॉलीवुड फ़िल्मों में करियर फोर्स से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने जॉन अब्राहम के अपोज़िट नेगेटिव रोल निभाया था। निशिकांत कामत निर्देशित फ़िल्म का निर्माण विपुल ने ही किया था।विपुल ने विद्युत को बतौर नायक कमांडो से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इस फ़िल्म के ज़रिए हिंदी सिनेमा के दर्शकों ने एक्शन के कुछ दृश्य पहली बार देखे थे। कमांडो बॉक्स ऑफ़िस पर सफल रही थी।2017 में कमांडो की सीक्वल कमांडो 2 रिलीज़ हुई थी।इस फ़िल्म में विद्युत का एक्शन खूब पसंद किया गया। 2019 में कमांडो का तीसरा भाग रिलीज़ हुआ था। विद्युत ने पोस्टर शेयर करके लिखा- मैंने सुना है कि सनक कुछ भी करवा सकती है और प्यार में सनकी कुछ भी कर सकता है। अब मेरी सनक करेगी सारी हदें पार।सनक में विद्युत के अलावा चंदन रॉय सान्याल और नेहा धूपिया भी अहम भूमिकाओं में हैं। इससे पहले विद्युत की ख़ुदा हाफ़िज़ डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर आ चुकी है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाली विद्युत की यह चौथी फ़िल्म होगी। ज़ी5 पर यारा और ज़ीप्लेक्स पर पाउडर रिलीज़ हो चुकी हैं। विद्युत फ़िलहाल ख़ुदा हाफ़िज़ के दूसरे भाग की शूटिंग कर रहे हैं। वहीं, पर्सनल लाइफ़ की बात करें तो विद्युत फैशन डिज़ाइनर नंदिता महतानी को डेट कर रहे हैं। कुछ दिन पहले दोनों ने सोशल मीडिया के ज़रिए अपने रिलेशनशिप को सार्वजनिक किया था।



स्वागत -अभिनंदन

**जबलपुर यश भारत।** यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला का सम्मान समाज के प्रबुद्ध वर्ग द्वारा किया गया । मौका था श्री शुक्ला को मिले शंकराचार्य सम्मान और नए कार्यालय के शुभारंभ का। इस दौरान भारत स्काउट एवं गाइड जिला जिला संघ के चेयरमैन शिव कुमार दीक्षित, मुख्य आयुक्त अजय तिवारी, पूर्व एमआईसी सदस्य नंद कुमार यादव, पूर्व पार्षद कुंजी जौहरी, अखिलेश दीक्षित एवं जयकुमार जैन मौजूद रहे। उन्होंने श्री शुक्ला का पुष्पाहार पहनाकर सम्मान किया , साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि श्री शुक्ला इसी तरह से पत्रकारिता के क्षेत्र में बढ़ते हुए समाज व देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## बरगी बीएमओ- बरेला बीआरसी लापरवाह

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना वैक्सीनेशन कार्य में बरगी बीएमओ और बरेला बीआरसी लापरवाह साबित हुए हैं। कलेक्टर ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कोरोना टीकाकरण को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। सभी ग्रामीण क्षेत्रों के टीकाकरण के आंकड़े देखे गए जिसमें बरगी बीएमओ और बरेला बीआरसी के कार्यों में लापरवाही नजर आई। कलेक्टर ने बरगी बीएमओ की पगार रोकने और बरेला बीआरसी की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन कार्य में अगर लापरवाही की जाएगी तो इसी तरह से कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में प्रथम डोज शेष बचे व्यक्तियों को घर-घर जाकर टीका लगाने के लिए 50 स्वास्थ्य अधिकारियों की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य अधिकारी बीएलओ के साथ लोगों के घर-घर जाएंगे और सर्वे करेंगे।



## दोस्त ने ही घोंप दिया चाकू , पैसों का था विवाद, आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत दरमियानी रात पैसों के विवाद के चलते एक दोस्त ने ही दूसरे दोस्त पर चाकू से वार कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोह. फैजल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरिफ कुरैशी ने पचकुइयां हनुमानताल में विवाद करते हुए देर रात जमकर मारपीट की और जब उसने इसका विरोध किया तो चाकू से वार कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।






### पनागर में तेज रफ्तार का कहर

## बाइक सवार ने युवक को रौंदा ,भाई के साथ पी रहा था चाय

**बेलदारी करने चचेरे भाई के साथ बस से आए थे**

**जबलपुर, यशभारत।** थाना पनागर अंतर्गत बस से बेलदारी का कार्य करने चचेरे भाई के साथ पनागर आ रहे युवक, चाय के ठेले में रुककर चाय पी रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक सवार, युवक को सरेराह रौंदकर फरार हो गया। घटना के बाद आनन-फानन में घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। जानकारी अनुसार पुलिस को चन्द्रप्रसाद प्रधान उम्र 41 वर्ष निवासी रोझा थाना पाटन ने बताया कि कल वह अपने चचेरे भाई ब्रजेश प्रधान के साथ बेलदारी का काम करने बस से पनागर आ रहा था, एनएच 30 जबलपुर सिहोरा रोड बहर तिराहे पर हम दोनों बस से उतरकर रोड किनारे खड़े थे, तभी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनई 3467 का चालक तेज रफ्तार के साथ आ रहा था, तभी वाहन अनियंत्रित हुआ और ब्रजेश को पीछे टक्कर मारकर सिहोरा तरफ भाग गया। घटना के दौरान ब्रजेश को सिर में गंभीर चोट थी। जिसके बाद घायल ब्रजेश का इलाज कराने ऑटो से एक निजि अस्पताल लेकर गये जहां ब्रजेश प्रधान उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। जिसके बाद ब्रजेश के शव को मेडिकल कॉलेज लेकर आये हैं।

### खितौला में ऑनलाइन जालसाजी

## खाते से उड़ा दिए हजारों रुपए

**जबलपुर, यशभारत।** थाना खितौला में ऑनलाइन जालसाजी का एक नया कारनामा सामने आया है। जिसमें एक दोस्त ने अपने दूसरे दोस्त को ऑनलाइन दो हजार रुपए दिए लेकिन जब वह पैसे नहीं पहुंचे तो उसी दोस्त ने एक दोस्त ने मोबाइल नंबर दिया, जिसमें लिंक आते ही हजारो रुपए तत्काल कट गए। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है, पुलिस अब शातिर आरोपी को तलाश करने में जुटी है।




जानकारी अनुसार सतेन्द्र कुमार मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 18 खितौला ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम कनाई देवरी में खेत का काम करने गया था, जहॉं पर उसने अपने साथी दीपक पटैल के एकाउंट पर 2 हजार रूपये फ ोन से ऑनलाइन दिए थे, उसके एकाउंट से पैसा कट गया था लेकिन दीपक के एकाउंट में रूपये नहीं गये थे, इसके बाद दीपक पटैल ने उसे एक मोबाइल नम्बर निकालकर दिया और कहा कि कस्टमर केयर का नम्बर है, तब उसने बताए हुये नम्बर पर कॉल किया। इसके बाद कॉल काट दिया।

### फोन आया, मिल जाएगा पैसा

तभी उसके पास फ ोन आया जिसने कहा कि आपका जो 2 हजार रूपये कट गया है वह रिफं ड किया जा रहा है, उसी समय उसके पास एक लिंक भेजा गया उसने मिली लिंक पर क्लिक किया तो उसके अकाउण्ट से 24 हजार 987 रूपये कट गए, फि र दूसरी बार भी 24 हजार 987 रूपये कटे लेकिन दूसरी बार में ट्रांजेक्सन फेल हो गया था, उसके बाद उसने बैंक को कॉल करके अपना एकाउण्ट तथा एटीएम एवं यूपीआई नम्बर ब्लाक करवा दिया था फ ोन पे भी डिलीट कर दिया था दीपक ने उससे कहा कि मेरा दोस्त इंदौर में है कह रहा था कि पैसा वापस आ जायेगा। किसी जालसाज व्यक्ति ने उसके एकाउंट से धोखाधडी कर 24,987 रूपये निकाल लिए। शिकायत पर 420 का मामला दर्ज कर, मामला विवेचना में लिया गया।

## परिवार गया था इंदौर चोरों ने घर किया साफ

जबलपुर, यशभारत। बेलखेड़ा थाना के कूडांकला में दरमियानी रात चोरों ने एक सूने मकान की दीवाल की पहले तो सब्बल मारकर ईंट निकाल दी और फिर लॉक तोड़कर लाखों के कीमती जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। जब परिजन इंदौर से गांव पहुंचे तो घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉक टूटा हुआ था जिसमें रखे गहने गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कूडाकला में निवासरत परिवार इंदौर किसी रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। तभी चोरों ने सेंघ लगाकर पहले तो गेट के पास से दीवाल की ईंट निकाल ली और फिर आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने बताया कि करीब 4 तोला सोना और 15 तोला चाँदी समेत करीब 12 हजार नगदी गायब है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )